RNI-UPHIN/2009/30721




शनिवार 24 मई 2025

सुर्योदय प्रातः 05 :28 बजे

सूर्यास्त सांय 19 : 09 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट न्यूज




पृष्ठ 4 जनता क्यों भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढोये?

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष : 16 | अंक : 218 | गाजियाबाद, शनिवार 24 मई 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946









## ईडी ने 12,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले में जेपी इंफ्राटेक, अन्य के खिलाफ छापेमारी की

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 12,000 करोड़ रुपये के निवेश धोखाधड़ी मामले में धन शोधन जांच के तहत शुक्रवार को जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स और कुछ अन्य के खिलाफ कई स्थानों पर तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। छापेमारी दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) और मुंबई में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। उन्होंने बताया कि छापेमारी जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड और अन्य से संबंधित मामले में की जा रही है। इसमें घर खरीदारों और निवेशकों के साथ करीब 12,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी और धन के हेरफेर से जुड़े मामले शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि गौरसंस, गुलशन, महागुन और सुरक्षा रियल्टी जैसे समूह की संबद्ध संस्थाओं पर भी छापेमारी की जा रही है। संबंधित कंपनियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## इंडिगो विमान ने पाक हवाई क्षेत्र में प्रवेश का अनुरोध किया था लेकिन ठुकरा दिया गया : डीजीसीए

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी से श्रीनगर जा रहे 'इंडिगो' विमान के चालक दल के सदस्यों ने बुधवार को खराब मौसम से बचने के लिए पाकिश्तान हवाई क्षेत्र में प्रवेश का अनुरोध किया था, जिसे अस्वीकार कर दिया गया। घटना के बारे में विश्तृत बयान में डीजीसीए ने कहा कि विमान में सवार किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई है तथा विमान का आगे का हिस्सा ''नोज रेडोम'' क्षतिग्रश्त हो गया है। डीजीसीए विमान के खराब मौसम की चपेट में आने की घटना की जांच कर रहा है। बुधवार को इंडिगो के 'ए321 नियो' विमान की उड़ान संख्या '6ई 2142' को पठानकोट के निकट ओलावृष्टि और भीषण खराब मौसम का सामना करना पड़ा था।

## लड़खड़ाई देश की विदेश नीति : राहुल गांधी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने पर आरोप लगाया और विदेशमंत्री एस जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठायें। श्री गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा," श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिश्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिश्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है।" कांग्रेस नेता ने यह सवाल भी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत,पाकिश्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गयी है। गौरतलब है कि श्री ट्रम्प लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत,पाकिश्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत और पाकिश्तान को समान श्तर पर रखा है।

## भारत ने पाक विमानों के लिए वायुक्षेत्र उपयोग प्रतिबंध बढ़ाया

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। भारत ने पाकिश्तान के विमानों के लिए अपने वायु क्षेत्र के उपयोग से जुड़े प्रतिबंध को एक माह और बढ़ा दिया है। भारत सरकार ने यह निर्णय पाकिश्तान के जवाब में लिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारत की ओर से जारी 'नोटम' की जानकारी दी। इसके अनुसार पाकिश्तान पंजीकृत विमानों और पाकिश्तान की वायुसेवा कंपनियों या संचालकों द्वारा संचालित, स्वामित्व या पट्टे पर लिए गए विमानों और सैन्य विमानों पर भारतीय वायु क्षेत्र में प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को एक माह और बढ़ा दिया है।

# विश्व व्यापार का बड़ा केंद्र बनेगा पूर्वोत्तर क्षेत्र: मोदी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र को पूर्वी भारत का सबसे महत्वपूर्ण अंग बताया है और कहा है कि आने वाले समय में देश के वैश्विक व्यापार में इस क्षेत्र की संभावनायें कई गुना बढ़ने वाली हैं।

श्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार की नीतियों और प्राथमिकताओं से पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर क्षेत्र आर्थिक वृद्धि के नये केंद्र के रूप में उभरा है। श्री मोदी यहां भारत मंडपम में पूर्वोत्तर क्षेत्र पर दो दिन के निवेशक सम्मेलन - " राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट" के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और दक्षिण पूर्व एशियायी देशों के संघ आसियान के बीच व्यापार संबंधों के विस्तार के साथ पूर्वात्तर क्षेत्र व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने वाला है। उन्होंने कहा, " आसियान के साथ व्यापार इस समय वार्षिक सवा सौ अरब डालर का है, जो आने वाले वर्षों में ये 200 अरब डॉलर को पार कर जाएगा, नॉर्थ ईस्ट इस ट्रेड का एक मजबूत सेतु बनेगा, आसियान के लिए व्यापार का प्रवेश-द्वार बनेगा, और इसके लिए भी हम ज़रूरी इंफ्रास्ट्रक्चर पर तेज़ी से काम कर रहे हैं। " प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार इसके लिए बुनियादी सुविधायें खड़ी करने में लगी है।

भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग से म्यांमार होते हुए थाईलैंड तक सीधा संपर्क होगा। इससे भारत से वियतनाम और लाओस जैसे देशों तक पहुंचना आसान हो जाएगा।

श्री मोदी ने कहा, " सरकार, कलादान मल्टीमोडल ट्रांजिट प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा करने में जुटी है। यह परियोजना कोलकाता पोर्ट को म्यांमार के सित्तवे बंदरगाह से जोड़ेगी, और मिज़ोरम होते हुए बाकी का पूर्वोत्तर क्षेत्र इससे जुड़ जाएगा।" प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे पश्चिम बंगाल और मिज़ोरम की दूरी बहुत कम हो जाएगी। यह उद्योग और व्यापार के लिए भी बहुत बड़ा वरदान साबित होगा।

उन्होंने कहा कि इस समय गुवाहाटी, इम्फाल, अगरतला जैसे शहरों को विभिन्न सम्पर्क सुविधाओं वाले लॉजिस्टिक्स केंद्रों के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। मेघालय और मिज़ोरम में थल सीमा शुल्क केंद्रों से भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को विश्तार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में संभावनाओं का एक नया आकाश खुलने जा रहा है और भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र एशिया प्रशांत देशों में 'व्यापार का नया नाम' बनने जा रहा है।

श्री मोदी ने कहा, " किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सबसे जरूरी है- शांति और कानून-व्यवस्था की उत्तम स्थिति। आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी, हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलती है।"

उन्होंने कहा कि एक समय था, जब पूर्वोत्तर के साथ बम-बंदूक और ब्लॉकेड का नाम जुड़ा था, जिसका बहुत बड़ा नुकसान वहां के युवाओं को उठाना पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा, " आज हमारा फोकस पूर्वोत्तर के युवाओं के भविष्य पर है। इसलिए हमने एक के बाद एक शांति समझौते किए, युवाओं को विकास की मुख्य धारा में आने का अवसर दिया। " उन्होंने कहा कि पिछले 10-11 साल में, 10 हजार से ज्यादा युवाओं ने हथियार छोड़कर शांति का राश्ता चुना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर के युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के लिए, स्वरोजगार के लिए नये मौके मिल रहे हैं। मुद्रा योजना ने लाखों युवाओं को हजारों करोड़ रुपए की मदद दी है। क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों के बढ़ने से यहां के युवाओं को कौशल बढ़ाने में मदद कर रही है।

क्षेत्र के युवा 'इंटरनेट यूज़र नहीं, डिजिटल इनोवेटर (नवप्रवर्तक) बन रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि 13 हजार किलोमीटर से ज्यादा ऑप्टिकल फाइबर, 4जी, 5जी कवरेज, टेक्नोलॉजी में उभरती संभावनायें, नॉर्थ ईस्ट का युवा अब अपने शहर में ही बड़े-बडे स्टार्टअप शुरू कर रहा है। नॉर्थ ईस्ट भारत का डिजिटल गेटवे बन रहा है।

## सऊदी अरब ने वैश्विक पर्यटन मंच 'टूराइज' का अनावरण किया

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

सऊदी अरब ने एक वैश्विक पर्यटन मंच शुरू करने की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच ''शक्तिशाली साझेदारी'' बनाना और पर्यटन के लिए भविष्य की रूपरेखा तैयार करना है।

सऊदी अरब के पर्यटन मंत्री अहमद अल-खतीब ने बृहस्पतिवार को 'टूराइज' मंच की शुरुआत की और यह भी घोषणा की कि 'टूराइज' शिखर सम्मेलन 11 से 13 नवंबर तक रियाद में आयोजित किया जाएगा।

यह घोषणा सऊदी अरब की राजधानी में प्रेस वार्ता के दौरान की गई, जिसमें दुनिया भर से बड़ी संख्या में पत्रकारों ने डिजिटल माध्यम से हिस्सा लिया था। 'टूराइज' एक ''साहसिक नई पहल'' है, जिसे एक उच्च-श्तरीय वैश्विक सलाहकार बोर्ड के साथ जोड़ा जाएगा। अपने संबोधन में सऊदी अरब के मंत्री ने कहा कि यह मंच अगले 50 वर्षों के लिए पर्यटन का खाका तैयार करना चाहता है। यह सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों को एक साथ लाएगा।

उन्होंने कहा कि यह पहल ''कोई साधारण प्रयास नहीं है''। अल-खतीब ने कहा कि सऊदी अरब व्यावहारिक, दृश्यमान और स्थायी समाधान प्रदान करना चाहता है और यह पहल ''गतिशील'' और ''परिभाषित करने वाली'' होगी।

उन्होंने कहा कि 'टूराइज' के माध्यम से सार्वजनिक और निजी क्षेत्र एक ''नई शक्तिशाली साझेदारी'' बनाएंगे। अल-खतीब ने कहा कि सलाहकार बोर्ड के सदस्य ''वैश्विक पर्यटन क्षेत्र के दिग्गज'' हैं। उन्होंने कहा कि नवंबर के शिखर सम्मेलन में 'टूराइज' पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

## कोटा में छात्रों की आत्महत्या के मामले में न्यायालय ने राजस्थान सरकार को आड़े हाथ लिया



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कोटा शहर में छात्रों की आत्महत्या के मामलों में वृद्धि पर राजस्थान सरकार को आड़े हाथों लिया और स्थिति को 'गंभीर' बताया।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इस साल अब तक शहर से आत्महत्या के 14 मामले सामने आए हैं।न्यायमूर्ति पारदीवाला ने राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से पूछा, ''आप एक राज्य के रूप में क्या कर रहे हैं? ये बच्चे आत्महत्या क्यों कर रहे हैं और केवल कोटा में ही क्यों? क्या आपने एक राज्य के रूप में इस पर विचार नहीं किया?''वकील ने कहा कि आत्महत्या के मामलों की जांच के लिए राज्य में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। शीर्ष अदालत आईआईटी, खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 वर्षीय छात्र की मौत के मामले की सुनवाई कर रही थी। छात्र 4 मई को अपने छात्रावास के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया गया था। न्यायालय एक अन्य मामले से भी निपट रहा है, जिसमें नीट परीक्षा की अभ्यर्थी एक लड़की कोटा में अपने कमरे में मृत मिली थी, जहां वह अपने माता-पिता के साथ रहती थी।पीठ को पता चला कि आईआईटी खड़गपुर के छात्र की मौत के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने 8 मई को दर्ज की गई एफआईआर में चार दिन की देरी पर सवाल उठाया।

पीठ ने कहा, ''इन बातों को हल्के में न लें। ये बहुत गंभीर बातें हैं।''पीठ ने शीर्ष अदालत के 24 मार्च के फैसले का हवाला दिया, जिसमें उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के बार-बार सामने आने वाले मामलों पर ध्यान दिया गया था और छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक राष्ट्रीय कार्य बल का गठन किया गया था।

## मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर मिलेगी मोबाइल फोन जमा कराने की सुविधा : चुनाव आयोग






✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर मोबाइल जमा करने की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। आयोग ने इसके साथ ही प्रत्याशियों को मतदान केंद्रों से 100 मीटर बाहर अपने बश्ते लगाने की छूट देने का फैसला किया है जहां वे मतदाताओं को अनौपचारिक रूप से मतदाता-पर्चिया उपलब्ध करा सकेंगे। अब तक इसे कम से कम 200 मीटर दूर रखने की व्यवस्था लागू थी।

आयोग का कहना है कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते कवरेज और उपयोग और न केवल बड़े पैमाने पर मतदाताओं बल्कि वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मतदान के दिन मोबाइल फोन के प्रबंधन में आने वाली चुनौतियों को देखते हुए, आयोग ने मतदान केन्द्रों के ठीक बाहर मोबाइल डिपॉज़िट सुविधा की अनुमति देने का निर्णय लिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में मतदाताओं को मोबाइल फोन केवल स्विच-ऑफ (बंद) की स्थिति में ही रखना होगा।

आयोग ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा, 'चुनाव प्रचार के लिए मानदंडों को युक्तिसंगत बनाने तथा मतदान के दिन मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों के ठीक बाहर मतदाताओं को मोबाइल डिपॉज़िट सुविधा प्रदान करने और प्रचार के मानदंडों को युक्तिसंगत बनाने के लिए दो और व्यापक निर्देश जारी किए हैं।"

आयोग ने कहा है कि ये निर्देश जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और चुनाव संचालन नियम, 1961 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुरूप हैं। मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार के पास फोन जमा कराने के लिए बहुत ही साधारण पिजनहोल बॉक्स या पटसन के थैले उपलब्ध कराए जाएंगे, जहां मतदाताओं को अपने मोबाइल फोन जमा करने होंगे। मतदाता को मतदान केन्द्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रतिकूल स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर कुछ मतदान केन्द्रों को इस प्रावधान से छूट दी जा सकती है। आयोग ने कहा है कि चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49एम के तहत मतदान केन्द्र के भीतर मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित की जाती है।

## 'आतंकवाद के वित्तपोषण पर पाकिस्तान के विरुद्ध नया डोजियर सौंपेगा भारत'

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

भारत पहलगाम आतंकवादी हमले से उत्पन्न परिस्थितियों के बीच पाकिश्तान के खिलाफ आतंकवाद के वित्तपोषण को लेकर बहुपक्षीय संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) को नया डोजियर देने की तैयारी में है।

सूत्रों ने यहां बताया कि भारत एफएटीएफ से मांग करेगा कि पाकिश्तान को पुनः 'ग्रे सूची' (संदिग्ध देशों की सूची) में रख कर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। पेरिस स्थित यह संस्था धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण पर नजर रखती है और इसमें भारत सहित 39 देश शामिल हैं।

उच्चश्तरीय सूत्रों ने शुक्रवार को यहां कहा, ' पाकिश्तान को फिर से 'ग्रे सूची' में डालने के लिए भारत एफएटीएफ के समक्ष मजबूत मामला पेश करेगा। पाकिश्तान अपने क्षेत्र में पनपने वाले आतंकवाद पर कार्रवाई करने में विफल रहा है और वह बहुपक्षीय एजेंसियों से मिलने वाले धन का उपयोग हथियार और गोला-बारूद खरीदने और आतंकवादियों को मदद करने के लिए कर रहा है।'

सूत्रों ने कहा कि भारत इस डोजियर में विशेष रूप से उन कानूनी प्रावधानों का संकेत करेगा जिनका अनुपालन करने के पाकिश्तान के वादे पर उसे 2022 में एफएटीएफ की ग्रे सूची से हटाया गया था लेकिन वह उनका पालन नहीं कर रहा है।

सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार एक डोजियर तैयार कर रही है जिसे एफएटीएफ की अगली पूर्ण बैठक में प्रश्तुत किया जा सकता है। यह बैठक जून में होने की संभावना है। इसके अलावा, भारत जून में पाकिश्तान को विश्व बैंक से कर्ज की समीक्षा के लिए होने वाली बैठक में भी पड़ोसी देश के खिलाफ आपत्ति उठाएगा। गैरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की नृसंश हत्या के बाद भारत और पाकिश्तान के बीच तनाव बढ़ गया है।

## न्यायमूर्ति ओका के विदाई पर मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा, सेवानिवृत्ति के बाद हम दोनों कोई पद नहीं लेंगे



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस अभय एस ओका कल (शनिवार, 24 मई को) रिटायर हो रहे हैं। आज उनका अंतिम कार्य दिवस था। इस मौके पर उन्हें चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली सेरिमोनियल बेंच में विदाई दी गई।

इस दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि वे और जस्टिस ओका पिछले 40 सालों से मित्र हैं। दोनों ने एकसाथ जीएलसी में लॉ की पढ़ाई की है। इससे पहले दोनों बॉम्बे हाई कोर्ट में वकालत भी कर चुके हैं। जस्टिस ओका अपनी कर्तव्यनिष्ठा और कड़े फैसलों के लिए जाने जाते हैं। आज भी उन्होंने परंपरा को तोड़ते हुए आखिरी कार्यदिवस पर कुल 11 फैसले सुनाए।

जस्टिस गवई ने कहा कि जस्टिस ओका के दिए फैसलों में छिपे उनका न्यायपालिका के प्रति योगदान झलकता है। उन्होंने कहा कि जस्टिस ओका न्यायालय में कानून और नैतिकता दोनों के प्रोफेसर रहे हैं। उन्होंने हमेशा याद दिलाया है कि वकील न्यायालय के पहले अधिकारी हैं। जस्टिस गवई ने कहा, 'उनकी दृढ़ता के पीछे एक शिक्षक का समर्पण छिपा है। उनके न्यायालय ने हमेशा नैतिक वकालत को प्रोत्साहित किया।

इन वर्षों में जिस ऊर्जा के साथ उन्होंने काम किया, वह सराहनीय है। जब वे न्यायाधीश बने तो उन्होंने आधिकारिक आवास भी नहीं लिया।'

**दृढ़ इच्छाशक्ति दिवंगत मां से विरासत में मिली**

सीजेआई गवई ने कहा, "औरंगाबाद में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लाने के लिए मुझे उनका धन्यवाद करना चाहिए। पर्यावरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता दर्शाती है कि अपूरणीय क्षति को रोकने के लिए कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं।

मैंने मराठी समाचार पत्रों में पढ़ा कि दृढ़ निश्चय और दृढ़ इच्छाशक्ति की गुणवत्ता उन्हें अपनी दिवंगत मां से विरासत में मिली है। आज मै बार और बेंच के सभी सदस्यों से कहता हूं कि आइए हम कानून और उनके द्वारा स्थापित मूल्यों के प्रति उनके अथक योगदान को याद करें।

## नीति आयोग की गर्वनिंग काउंसिल की 10वीं बैठक आज, PM करेंगे अध्यक्षता

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद (गवर्निंग काउंसिल) की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

बैठक में साल 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के रोडमैप पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में देशभर के मुख्यमंत्री, उप-राज्यपाल और प्रशासक शामिल होंगे। नति आयोग ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि विकसित भारत के लिए सभी राज्यों को टीम इंडिया के रूप में साथ लेकर चलने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 मई को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस वर्ष बैठक की थीम 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य@2047' है, जिसमें राज्यों पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाएगा। इस प्रकार भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारत@2047 के लिए विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा की जाएगी। आयोग के मुताबिक इस बैठक में उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल बढ़ाने और देशभर में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार



### तिरुपति मंदिर परिसर में 10 मिनट तक नमाज पढ़ता रहा शख्स

**तिरुमाला, एजेंसी।** तिरुमाला में हिंदू मंदिर के पास हजरत टोपी पहनकर नमाज अदा करने का वीडियो सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। लोगों का कहना है कि मंदिर के परिसर में नमाज पढ़ने से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। तिरुमाला कल्याण मंडपम के पास इस तरह से नमाज पढ़ने को लेकर लोग विरोध कर रहे हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने वायरल वीडियो सामने आने के बाद जांच शुरू कर दी है।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने दावा किया कि शख्स लगभग 10 मिनट तक आराम से नमाज पढ़ता रहा। इसपर बहुत लोगों को आपत्ति थी लेकिन किसी ने विरोध नहीं किया। सीसीटीवी फुटेज में नमाज पढ़ने वाले शख्स का चेहरा भी दिखा है। इसके अलावा उसकी कार का नंबर भी ट्रैक भी नोट कर लिया गया है। इसके जरिए शख्स की तलाश करने की कोशिश की जा रही है। घटना के बाद इस तरह के संवेदनशील धार्मिक स्थान की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद श्रद्धालु बुरी तरह भड़के हैं। उनका कहना है कि थोड़े दिन पहले ही पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है। इस तरह से मंदिर परिसर में नमाज अदा करना सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करता है। टीटीडी इस मामले को सुलझाने में लगा हुआ है।

### हिमाचल प्रदेश: बिलासपुर में छात्राओं की यौन उत्पीड़न की शिकायत के बाद कॉलेज प्राचार्य गिरफ्तार

**बिलासपुर , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में 'बंदला हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज' के निदेशक सह प्राचार्य को, छात्राओं की ओर से यौन उत्पीड़न की शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। छात्रों ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। इस वीडियो में कथित तौर पर आरोपी अस्पताल में भर्ती छात्रा को कंबल के अंदर अनुचित तरीके से छूने की कोशिश करते हुए दिखाया गया था। पुलिस ने बताया कि यह कथित घटना मार्च 2024 की है। बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है।

### मध्य मुंबई में एक दुकान में लगी आग, बुझाने के दौरान दमकलकर्मी घायल

**मुंबई , एजेंसी।** मध्य मुंबई के वर्ली स्थित गांधी नगर इलाके की एक दुकान में शुक्रवार तड़के आग लग गई, जिसे बुझाने के प्रयास में एक दमकलकर्मी घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, दुकान में आग सुबह करीब चार बजकर 45 मिनट पर लगी। आग से दुकान में बिजली की वायरिंग, उपकरण, सामान, स्टेशनरी, कपड़े, कंप्यूटर और एक बाइक जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। इस दौरान दमकल विभाग के कर्मी अजिंद्र सावंत के हाथ में चोट लग गई। उन्हें तत्काल उपचार के लिए नायर अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि आग पर सुबह करीब सात बजकर 15 मिनट पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

### दिल्ली पुलिस ने 121 बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ दिल्ली पुलिस का ऐक्शन लगातार जारी है। पुलिस द्वारा अब तक 121 अवैध प्रवासियों की पहचान और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके बाद एफआरआरओ द्वारा उन्हें डिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस ने देश में अवैध प्रवेश की सुविधा प्रदान करने वाले सिंडिकेट के खिलाफ नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने में एक एफआईआर भी दर्ज की है।

# 7200 टेस्ट हो चुके, दिन-रात युद्ध स्तर पर चल रही तैयारी

## इसरो ने 2025 को घोषित किया गगनयान वर्ष



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने 2025 को गगनयान वर्ष घोषित करते हुए इसे इसरो के लिए बेहद अहम साल बताया है। उन्होंने कहा कि अब तक 7200 टेस्ट पूरे किए जा चुके हैं और करीब 3000 टेस्ट अभी बाकी हैं। इस समय गगनयान कार्यक्रम की तैयारियां दिन-रात युद्ध स्तर पर चल रही हैं। गगनयान कार्यक्रम को दिसंबर 2018 में मंजूरी मिली थी। इसका उद्देश्य भारत को मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत इंसानों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा और दीर्घकालिक मानव अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए आवश्यक तकनीकों को विकसित किया जाएगा।

वी. नारायणन ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा, यह साल हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमने इसे 'गगनयान वर्ष' घोषित किया है। इंसानों को भेजने से पहले तीन मानव रहित मिशनों की योजना बनाई गई है, जिनमें से पहला मिशन इसी साल दिसंबर में लॉन्च होगा। उन्होंने बताया कि इसरो ने अब तक 7200 से अधिक टेस्ट पूरे कर लिए हैं और लगभग 3000 परीक्षण अभी शेष हैं और काम 24 घंटे चल रहा है।

इसरो प्रमुख ने हाल ही में पूरे हुए स्पैडेक्स मिशन की भी सराहना की। उन्होंने बताया कि इस तकनीकी प्रदर्शन मिशन के लिए केवल 10 किलो ईंधन निर्धारित किया गया था, लेकिन यह मिशन महज 5 किलो ईंधन में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया, जिससे शेष ईंधन का उपयोग आगामी प्रयोगों के लिए किया जा सकेगा। स्पैडेक्स मिशन, इसरो की वेबसाइट के अनुसार, एक किफायती तकनीकी प्रदर्शन मिशन है जिसमें दो छोटे सैटेलाइट को पीएसएलवी से प्रक्षेपित कर अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन किया गया।

वी. नारायणन ने आगे कहा कि 2025 में कई अहम मिशनों की योजना बनाई गई है। इसमें नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार सैटेलाइट भी शामिल है, जिसे भारत के स्वदेशी लॉन्च वाहन से लॉन्च किया जाएगा। इसके अलावा एक कॉमर्शियल मिशन और संचार सैटेलाइट भी इस साल के कार्यक्रम में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 तक व्योममित्र नामक मानव जैसे रोबोट के साथ पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जाएगा।

### अपना अंतरिक्ष स्टेशन कक्षा में स्थापित करने के लिए तैयारी कर रहा है इसरो: नारायणन

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि संगठन खुद का अंतरिक्ष स्टेशन कक्षा में स्थापित करने के लिए तैयारी कर रहा है और यह भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिक्ष विभाग देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। नारायणन इस विभाग के सचिव भी हैं। उन्होंने यहां राममोहन मिशन के एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा, उदाहरण के लिए हमारे देश को ही लें – हमारे पास 11,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा है, और फिर उत्तरी सीमा है। हमें विशाल सीमा की निगरानी करनी होती है और सरकार हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगन से काम कर रही है। नारायणन ने कहा, फिलहाल, कक्षा में हमारे 57 सैटेलाइट हैं, जो मौसम के पूर्वानुमान से लेकर सबसे दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा पहुंचाने तक, विभिन्न मुद्दों पर ताजा जानकारी और डेटा प्रदान करके जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने पीएसएलवी–सी61 मिशन की हालिया विफलता को इसरो की कामयाबी में एक अपवाद बताया।

### नक्सलियों की जिस सोनू को संभालनी थी कमान, वह भी लगा रहा सरेंडर की गुहार



**नागपुर, एजेंसी।** होम मिनिस्टर अमित शाह ने नक्सलवाद के खात्मे के लिए 31 मार्च, 2026 की तारीख ही तय कर रखी है। उससे पहले नक्सलियों को खत्म करने के लिए अभियान तेज है और इसी सप्ताह सीपीआई माओवादी के महासचिव बसवराजू को एनकाउंटर में मार गिराया गया। बसवराजू पर डेढ़ करोड़ रुपये का इनाम घोषित था और वह फिलहाल नक्सलियों का शीर्ष कमांडर था। उसके मारे जाने के बाद से ही सीपीआई माओवादी को उसके विकल्प की तलाश है, लेकिन अब जिस एक बड़े नाम पर चर्चा है, उसके भी सरेंडर करने की उम्मीद है। यह नाम है- एम. वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू। उसे उन नक्सलियों में से एक माना जा रहा था, जो अब कमान संभाल सकते हैं।

कहा जा रहा है कि 69 साल का सोनू अब पहले की तरह ऐक्टिव नहीं है। इसके अलावा वह अब पत्नी के रास्ते पर चलते हुए सरेंडर करके पुनर्वास कैंप में जाना चाहता है। तेलुगू ब्राह्मण परिवार से आना वाला सोनू बीकॉम की डिग्री ले चुका है। वह महाराष्ट्र के गढ़चिरौली से लेकर आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ तक में सक्रिय रहा है। उसके पास नक्सलियों की एलीट फोर्स कही जाने वाली सी-60 की कमान रही है, लेकिन अब वह आगे फाइट नहीं करना चाहता। यदि उसकी ओर से सरेंडर किया गया तो फिर देश में माओवाद को खत्म करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम होगा। एक तरफ बसवराजू का मारा जाना और दूसरी तरफ सोनू का सरेंडर सुरक्षा बलों के लिए बड़ी जीत जैसा होगा।

## मालदीव में समुद्र किनारे शांति खोज रहे तेज प्रताप यादव ने लगाया ध्यान

**पटना, एजेंसी।**बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रकाश यादव विदेश यात्रा पर मालदीव गए हैं जहां से उनका समुद्र किनारे ध्यान लगाने का वीडियो आया है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेज प्रकाश यादव ने खुद ही यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाला है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 मई को तेज प्रताप यादव को 17 मई से 23 मई तक एक सप्ताह के मालदीव ट्रिप पर जाने की इजाजत दी थी। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले तेज प्रताप यादव पर सबकी नजर है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) तेज प्रताप को भड़काने और तोड़ने की ताक में भी है।



तेज प्रताप यादव ने मालदीव में समुद्र किनारे बने हट (कुटिया) के बाहर ध्यान लगाने का वीडियो डाला है जिसके बैकग्राउंड में ओम नमः शिवाय का मंत्रोच्चार चल रहा है। उन्होंने इस वीडियो के साथ लिखा है- शांति जीवन में जरूरी चीज है। हम लगातार शांति खोजते हैं क्योंकि इसके बिना जीवन में अफरातफरी मच जाती है। ध्यान और आत्मचिंतन से हमें अपनी सोच और भावनाओं की गहरी समझ आती है। इससे अपार खुशी मिलती है और लगता है कि कुछ पूरा हुआ।

## तमिलनाडु में पक्षियों की लुप्तप्राय 26 प्रजातियां दर्ज की गईं

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में मौजूद पक्षियों की 37 लुप्तप्राय प्रजातियों में से 26 और 17 निशाचर पक्षी प्रजातियों को राज्यव्यापी समन्वित पक्षी गणना 2025 के दौरान दर्ज किया गया। इस वर्ष, वार्षिक पक्षी गणना में लुप्तप्राय पक्षियों और निशाचर पक्षियों के दस्तावेजीकरण पर विशेष जोर दिया गया।



दो चरणों वाली गणना के दौरान तमिलनाडु में मौजूद लुप्तप्राय पक्षियों की 37 प्रजातियों में से 26 और 17 निशाचर पक्षी प्रजातियों को दर्ज किया गया। तमिलनाडु में आठ और नौ मार्च को आर्द्रभूमि पक्षियों (अंतरदेशीय और तटीय आर्द्रभूमि दोनों) और 15 और 16 मार्च को स्थलीय पक्षियों (संरक्षित क्षेत्रों के अंदर और बाहर दोनों) के लिए समन्वित पक्षी गणना की गई। आर्द्रभूमि पक्षियों की गणना 934 स्थानों पर की गई और अनुमान के अनुसार 397 पक्षी प्रजातियों के 5,52,349 पक्षियों की गणना की गई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्यजीव वार्डन श्रीनिवास आर रेड्डी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इनमें से 1,13,606 पक्षी प्रवासी पक्षी थे और गिनती किए गए पक्षियों में से 49 प्रतिशत तटीय जिलों से थे। स्थलीय पक्षी गणना 1,093 स्थानों पर की गई और 401 पक्षी प्रजातियों के 2,32,519 पक्षियों की गणना की गई। इनमें से 1,13,606 पक्षी प्रवासी पक्षी थे।

## आपरेशन सिंदूर कि सफलता पर नगर में शौर्य तिरंगा यात्रा धूम धाम भव्य तरीके से निकाली गई

**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷**

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को नमन व वंदन करने के लिए आज नगर में शौर्य तिरंगा यात्रा भव्य तरीके से निकाली गई। इस दौरान उपस्थित जन समूह तिरंगा हाथ में लेकर देशभक्ति के नारे लगाए।

ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में निकाली गई भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा में महिलाओ सहित हर उम्र व हर वर्ग के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा शहर तिरंगे झंडो से पटा दिखाई दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान युवा डी जे पर देशभक्ति के गानों पर जमकर थिरके। तिरंगा यात्रा का नगरवासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर, जल वितरण व शरबत वितरण कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान पुरे शहर में देशभक्ति का माहौल नजर आया। यह यात्रा गांधी चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार मंडी मोलगंज, लोहारी सराय, बाजार बारादरी, होते हुए पहाड़ी दरवाजे जाकर संपन्न हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के नारे लगाए और सुरक्षा बलों के शौर्य को सलाम किया। आज निकली शौर्य तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, व्यापारी वर्ग और समाजसेवियों विशेष कर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए हाथों में तिरंगा लिए देश के वीर सैनिकों के प्रति अपनी एकजुटता और सम्मान प्रकट किया।



तिरंगा यात्रा में डेढ़ सौ से ज्यादा ई-रिक्शा और हजारों की संख्या में महिला पुरुष सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की समाप्ति पर पूर्व सांसद डॉक्टर यशवंत सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल झंडा नहीं, हमारी एकता और स्वतंत्रता का प्रतीक है।

यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्र भक्ति और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना है। क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि कहा कि सेना ने पाकिस्तानी हरकत का मुँह तोड़ जबाब दिया ओर चार दिन में ही पाकिस्तान को घुटने टेकने को मजबूर कर दिया।अंत में जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक प्रमोद चौहान ने तिरंगा यात्रा में शामिल जनमानस का व नगर की सम्मानित जनता का धन्यवाद किया व कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

तिरंगा यात्रा में प्रमोद चौहान जिला उपाध्यक्ष (कार्यक्रम संयोजक ),अनूप वाल्मीकि क्षेत्रीय मंत्री,डॉ यशवंत सिंह पूर्व सांसद, मुंशीरामपाल पूर्व सांसद,महेंद्र धनौरिया पूर्व जिलाध्यक्ष, राजीव सिसोदिया पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, रचना पाल पूर्व सदस्य लोक सेवा आयोग, तिलकराज सैनी जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा भाजपा, सतीश गौतम पूर्व विधायक, अजीत अग्रवाल पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अंजली मित्तल मंडल अध्यक्ष भाजपा, माया पाल जिला मंत्री भाजपा, सुभाष शर्मा मंडल अध्यक्ष माहेश्वरी मंडल, प्रभात चंद गुप्ता पूर्व चेयरमेंन, राजेंद्र अग्रवाल पूर्व प्रधानाचार्य, सुषमा अग्रवाल पूर्व प्रधानाचार्य,शलभ गोयल, सौरभ मित्तल, पंडित सचिन शर्मा, नीरज विश्नोई निवर्तमान मंडल अध्यक्ष भाजपा, मनोज टंडन, लवी मित्तल, भूरे सिंह, शिवा कर्णवाल, शिवा मिगलानी, प्रदीप गर्ग, आशा माहेश्वरी,स्वाति अग्रवाल, अनीता चौहान, रितु गर्ग, शाकुम्भरी मित्तल, स्वाति जैन, इंदु ठकुराल, सुनिल सैनी, पंडित सचिन शर्मा,सिद्धार्थ चौधरी, जितेंद्र चौधरी, शिराज खलील, सरफराज अंसारी, सभासद बदर मुनीम वसीम अंसारी एडवोकेट लियाकत मलिक आलमगीर काज़मी सद्दीक मुल्तानी, रोहित विश्नोई, संजीव दत्त विश्नोई, शीतल जोशी, शिवशंकर सक्सेना, यशपाल सैनी, रवि प्रजापति मंडल उपाध्यक्ष व जिला सह संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ, हरिराज चौहान, केशव दीक्षित, जिला कार्यकारिणी सदस्य मास्टर जितेंद्र सिंह,कुलदीप त्यागी, शीतल जोशी, जितेंद्र कश्यप, डॉ जितेंद्र नरपाल सैनी आदि शामिल रहे।

## बाट माप विभाग ने तोल यंत्रों की प्रमाणन प्रक्रिया को किया सरल

**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷**

बाट माप विभाग ने तोल यंत्रों की प्रमाणन प्रक्रिया को अब और सरल कर दिया। अब पचास किलोग्राम और उससे अधिक भार वाली इलेक्ट्रानिक तौल मशीनों के लिए आनलाइन प्रमाणन पत्र जारी किया जाएगा।

यह जानकारी एक प्रेस नोट में दी है नगीना के बाट तथा माप निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने उन्होंने बताया कि पहले यह सुविधा केवल पेट्रोल पंपों तक सीमित थी, लेकिन अब अन्य व्यापारिक वर्गों के लिए भी इस सुविधा को उपलब्ध करा दिया गया।

व्यापारी अब बाट माप विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं, और भौतिक निरीक्षण के बाद यहीं से प्रमाणन पत्र प्राप्त कर सकेंगे। इससे लिए अब उन्हें विभाग के दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नगीना के बाट माप निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह व्यवस्था पारदर्शी और सुविधाजनक है। पहले व्यापारियों को बाट माप कार्यालय में आकर आवेदन करने व रसीद कटाने के बाद निरीक्षण की तारीख लेनी पड़ती थी। इस प्रक्रिया में उपभोक्ता के अनावश्यक भागदौड़ करनी पड़ती थी। अब यह सभी कार्य आनलाइन माध्यम से घर बैठे ही पूरे किए जा सकेंगे। कुछ जगहों पर यह प्रणाली पहले से आंशिक रूप से लागू थी, लेकिन अब इसे विश्तार दिया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक व्यापारी इसका लाभ उठा सकें।

इस नई व्यवस्था से व्यापारियों को लंबी कतारों से मुक्ति, समय और श्रम की बचत, तथा प्रमाणन प्रक्रिया में पारदर्शिता मिलेगी।

# अंग्रेजी ही जरूरी कर दो, हिंदी बोलने पर नहीं मिली पार्किंग की जगह

## इंजीनियर की पोस्ट पर छिड़ी बहस

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भाषा विवाद के बीच बेंगलुरु के एक वायके ने एक बार फिर बहस छेड़ दी है। गूगल के एक इंजीनियर ने दावा किया है कि उन्हें पार्किंग का स्पेस इसलिए नहीं दिया गया क्योंकि वह कन्नड़ की जगह हिंदी भाषा में बोल रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में कहा कि कम से कम अंग्रेजी को पूरे देश में अनिवार्य कर देना चाहिए। इससे भाषा की समस्या ही खत्म हो जाएगी और कम्युनिकेशन आसान हो जाएगा।

अर्पित भायानी ने अपनी लिंक्डइन आईडी पर लिखा, आज मुझे केवल इसलिए पार्किंग की जगह नहीं दी गई क्योंकि मैंने हिंदी में बात की थी। उन्होंने कहा, हर जगह भाषा और संस्कृति को बचाने की बात हो रही है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और अन्य राज्यों में खूब बहस हो रही है। लेकिन क्या आप अपने बच्चों का ऐडमिशन क्षेत्रीय भाषा वाले स्कूल में करवा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि आज की पीढ़ी अंग्रेजी में बात करने में ज्यादा सहज महसूस करती है। बहुत सारे लोग अंग्रेजी में ही सोचते हैं और टाइप अंग्रेजी में ही करते हैं। उन्होंने कहा, हम अंग्रेजी से घिरे हुए हैं। ऐसे में अंग्रेजी को ही अनिवार्य भाषा क्यों नहीं बना दिया जाता। मैं ज्यादा बहस नहीं करना चाहता लेकिन अंग्रेजी ऐसी भाषा है जिसमें सबको आसानी होती है और बातचीत में आसानी होगी। हमारा जीवन इससे काफी आसान हो जाएगा।

भायानी ने कहा कि अगर इस तरह के मुद्दों का हल निकाल आए तो लोगों का ध्यान असली समस्याओं पर जाएगा जिसमें रोजगार, शिक्षा, शोध, इनोवेशन और सफाई शामिल है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने पूछा, आपने फिर उस शख्स से अंग्रेजी में बात क्यो नहीं की? भायानी ने जवाब दिया, मैंने बात की थी लेकिन उससे पहले मैं हिंदी बोल चुका था। मैं इस मामले को बहुत बढ़ाना नहीं चाहता था। काम बहुत है भाई लाइफ में। मैंने अपनी गाड़ी 15 मीटर दूर खड़ी कर दी और अपना काम कर लिया।



एक अन्य यूजर ने कहा, भारत में लोग फ्रेंच या जर्मन बोलने को तो कहते नहीं हैं। वे तो केवल स्थानीय भाषा की वकालत करते हैं। इसमें इतना बवाल क्यों करना। इसपर भायानी ने कहा, मैंने उसे कब हिंदी बोलने के लिए मजबूर किया था। मैंने हिंदी में बोला और उसने नहीं जाने दिया। उसने मुझसे कन्नड़ में बोलने को कहा। मैंने हिंदी में निवेदन किया और उसने इनकार कर दिया। उसने कन्नड़ में गुस्से में कुछ कहा मैं चुपचाप हट गया। बिल्कुल रिस्क नहीं लेने का।

बता दें कि इससे पहले एसबीआई अधिकारियों के कथित ट्रांसफर को लेकर भी मामला सामने आया था। एक वीडियो वायरल हो रहा था जिसमें एसबीआई का अधिकारी ग्राहक से कन्नड़ में बात करने से इनकार कर रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद कर्मचारी का ट्रांसफर दूसरी ब्रांच में कर दिया गया।

### झारखंड में धान बेचने वाले हजारों किसानों के 290 करोड़ बकाया, सरकार को आंदोलन की चेतावनी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के 25 हजार से ज्यादा किसानों के चेहरे पर मायूसी है। ये वो किसान हैं, जिन्होंने सरकारी पैक्स में पांच से छह महीने पहले धान बेचा लेकिन उन्हें इसके एवज में बकाया राशि का अब तक भुगतान नहीं हुआ है। सरकार के पास किसानों के करीब 290 करोड़ रुपए बकाया हैं। करीब पांच हजार किसान ऐसे हैं, जिन्हें अब तक बेची गई फसल के बदले एक रुपए का भी भुगतान नहीं मिला है। किसानों के एक बड़े समूह ने पंद्रह दिनों में राशि का भुगतान न होने पर रांची में राजभवन के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है। राज्य के सभी जिलों में ऐसे किसानों की संख्या हजारों में है, जिन्हें धान बेचने के बाद पहली किस्त के रूप में 50 फीसदी राशि का भुगतान हुआ, लेकिन दूसरी और तीसरी किस्त की राशि अब भी बकाया है। सरकारी स्तर पर धान खरीद के जो नियम तय किए गए हैं, उसके अनुसार 72 घंटे के अंदर पहली किस्त के रूप में बेचे गए अनाज की आधी रकम का भुगतान कर दिया जाना है। दूसरी किस्त का भुगतान एक सप्ताह के अंदर करने का नियम है, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया।

इस वर्ष राज्य सरकार की ओर से सभी जिलों में बनाए गए सरकारी क्रय केंद्रों पर 30 अप्रैल तक धान की खरीदारी की गई। सरकार ने पूरे राज्य में 60 लाख क्विंटल धान की खरीदारी का लक्ष्य तय किया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद लक्ष्य के विरुद्ध 69 फीसदी खरीदारी हुई। इस वर्ष किसानों को प्रति क्विंटल धान पर बोनस सहित 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाना है। साढ़े चार माह के दौरान सरकार ने 58,860 किसानों से 40.08 लाख क्विंटल धान की खरीदारी की है। इसके एवज में किसानों को कुल 962.10 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया जाना चाहिए, लेकिन अब तक लगभग 670 करोड़ का ही भुगतान हो पाया है।

## स्टंट करने से रोकने पर मिनी ट्रक चालक ने बाइक तोड़ी

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मोदीनगर के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव ईशापुर में स्टंट करने से रोकने पर मिनी ट्रक चालक ने लाठी से ताबड़तोड़ वार कर बाइक तोड़ दी। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी वायरल हो रहा। हालांकि, 'वेब वार्ता' इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस जांच कर रही। गांव ईशापुर के ग्रामीण एकत्र होकर शुक्रवार को मोदीनगर तहसील पहुंचे। ग्रामीणों ने एसीपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने के बाद शिकायती पत्र दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार रात को एक युवक मिनी ट्रक से अपनी बुआ के घर गांव ईशापुर आया था। वह शराब पीकर तेज रफ्तार से मिनी ट्रक चला रहा था। इस दौरान वह ट्रक से स्टंट भी कर रहा था। जब ग्रामीणों ने उसे ऐसा करने से मना किया तो वह आग बबूला हो गया और मारपीट पर उतारू हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी ने लाठी से वार कर एक बाइक को तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। एसीपी ने जांच कराकर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## घर के बाहर खड़ी दो बाइक चुराई

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। नंदग्राम थानाक्षेत्र की गिरिराज कॉलोनी में वाहन चोरों ने घर के बाहर खड़ी दो बाइकों पर हाथ साफ कर दिया। घटना का पता लगने पर पीड़ित ने पुलिस में केस दर्ज कराया है। मूलरूप से संभल निवासी कृष्ण नंदग्राम थाना क्षेत्र की गिरिराज कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने नंदग्राम पुलिस को बताया कि वह 20 मई की दोपहर को हज हाउस कॉलोनी हिंडन विहार में रहने वाले अपने दोश्त मोहम्मद वकील के घर खाना खाने गए थे। इसी दौरान चोरों ने घर के बाहर खड़ी उनकी तथा दोश्त वकील की बाइक चोरी कर लीं। बाहर निकलने पर दोनों बाइक गायब देख उन्होंने काफी खोजबीन की, लेकिन बाइकों का कुछ सुराग नहीं लगा। घटना के संबंध में पीड़ित ने नंदग्राम थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। सीओ पूनम मिश्रा का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है। चोरों को ट्रेस करने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जाएंगे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में घर से ऑफिस के लिए निकले युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक बुरी तरह घायल हो गया, जिन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने घटना के करीब एक सप्ताह बाद थाना इंदिरापुरम में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।दिल्ली मयूर विहार निवासी मोहम्मद असजद नोएड़ा स्थित एक निजी कंपनी में नौकरी करते है। 15 मई को वह अपने घर से सुबह करीब नौ बजे ऑफिस के लिए निकले थे। इसी दौरान लगभग पौने 10 बजे जब वह दिल्ली मेरठ हाइवे से इंदरिपुरम थानाक्षेत्र में स्थित नोएडा अंडरपास के लिए मुड़ रहे थे, तो पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस टक्कर में वह बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें राश्ते से जा रहे एक शख्स ने मदद करते हुए नोएडा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। पीड़ित ने घटना के करीब एक सप्ताह बाद स्थिति में सुधार होने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सीओ इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवाश्तव ने बताया आस पास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

## व्यक्ति ने फंदा लगाकर दी जान

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लोनी के अंकुर विहार थाना क्षेत्र की खन्ना नगर कालोनी में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति ने मकान की छत पर दूसरे मकान की छत से निकले सरिये में प्लास्टिक की रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को छत में लगे सरिये से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खन्ना नगर कालोनी में 48 वर्ष प्रमोद शर्मा रहते थे। उनकी घर पर ही परचून की दुकान है। परिजनों ने बताया कि वह शराब पीने के आदि थे। परिजन अक्सर शराब पीने को मना करते थे। बीती रात भी परिजनों ने उसे शराब न पीने की बात कहीं थी। जिस पर घर में पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था। देर रात में उसने छत पर जाकर दूसरे मकान की छत से निकले सरिये में प्लास्टिक की रस्सी से फंदा लगा लिया। शुक्रवार सुबह करीब पौने छह बजे आस पास के लोगों ने उसे लटकता देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजनों को जगाकर छत पर पहुंची और उसे फंदे से उतारकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। परिजनों ने मामले में शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## महीने में दर्ज हुई बाइक चोरी की FIR

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। क्रासिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के गेट के बाहर से छात्र की बाइक चोरी हो गई। चोर सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक महीने बाद पीड़ित ने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई है। क्रासिंग रिपब्लिक क्षेत्र में रहने वाले अर्थव किशोर का कहना है कि एक माह पहले 23 अप्रैल को उनकी बाइक इंजीनियरिंग कॉलेज के गेट के बाहर से चोरी हो गई। यह बाइक उसके पिता के नाम पर पंजीकृत थी। सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर घटना फुटेज में कैद मिली, लेकिन बाइक चोरी करने वाले ने हेलमेट लगाया हुआ था जिसके चलते उसका चेहरा साफ नजर नहीं आया। पीड़ित ने थाने में शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। थक-हारकर पीड़ित ने अब आकर ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल का कहना है कि केस दर्ज कर चोर को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

## युवक से मारपीट, समझौते के बाद दोबारा बेरहमी से पीटा

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। कोतवाली क्षेत्र में दर्जनभर लड़कों ने ड्यूटी से लौट रहे युवक से मारपीट कर दी। पीड़ित ने पुलिस बुलाई तो आरोपियों ने गलती मानकर मामला खत्म कर दिया। आरोप है कि पुलिस के जाते ही आरोपियों ने युवक को फिर से बुरी तरह पीटा। पुलिस ने एक नामजद तथा अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# रुचिका हत्याकांड का किया खुलासा, 3 गिरफ्तार

### आरोपी शिवम और उसके माता-पिता ने मिलकर की थी रुचिका की हत्या

✷ एनसीआर टुडे. धामपुर ✷

कोतवाली पुलिस ने करीब एक सप्ताह पहले हुई रुचिका हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी शिवम और उसके माता-पिता को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने प्रेम प्रसंग के चलते युलती की हत्या करके शव को नहर में डाल दिया था। गत 16 मई को धामपुर की पोषक नहर से लगभग 21 वर्षीय रुचिका का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतका 10 मई से लापता चल रही थी। परिजनों ने सुहागपुर निवासी शिवम के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस ने आरोपी शिवम और उसके पिता ऋषिपाल व मां सुमेश देवी को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में शिव ने बताया कि 2016 सेविका से वह था, लेकिन रुचिका सरकारी नौकरी न होने के कारण शादी से मना करती थी। 10 मई की सुबह शिवम रुचिका को अपनी बाइक पर बैठाकर घर ले आया।

शादी की बात करने पर रुचिका ने मना कर दिया। इस पर दोनों में मनमोटाव हुआ। गुस्साए शिवम ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। जब रुचिका घर से बाहर निकलने की कोशिश कर रही थी, तभी ऋषिपाल और सुमेश ने उसको पकड़ लिया। शिवम ने रुचिका के गले में पड़े दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया। मौके पर ही रुचिका की मौत हो गई। शव को छिपाने के लिए बाइक से ले जाकर पोषक नहर में बैग सहित फेंक दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है।



**मृतका की चप्पल और हत हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की बरामद**

कोतवाली पुलिस ने हत्या रोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल नंबर (उप 20 बीके 4898) को बरामद कर लिया है। जबकि मृतका की चप्पल भी बरामद की।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने से से हुई मृत्यु की पुष्टि**

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती को मौत गला घोटने से होने की पुष्टि हुई है।

**शादी से इंकार करना बना मौत का सबब**

प्रेम-प्रसंग से शुरू हुई कहानी रुचिका की मौत बन गई।

शादी से इनकार बना हत्या का कारण। पुलिस टीम ने शिवम, उसके पिता ऋषिपाल और माँ सुमेश देवी को गिरफ्तार किया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल

✷एनसीआर टुडे. चांदपुर ✷

बीती रात्री सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई है। जबकि उसके दो साथी घायल हो गए।

मृतक युवक अपने दोश्तों के साथ बुआ के यहां से घर लौट रहा था। हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव सिसौना में एक बाइक हादसे का शिकार हो गई। बाइक पर तीन युवक राजकुमार मोहल्ला पतियापाड़ा चांदपुर निवासी और उसके दो दोश्त जॉन डी और नितिन सवार थे।

बताया जा रहा है कि मृतक राजकुमार हल्दौर बुआ के यहां से दोश्तों के साथ घर लौट रहा था। जब उनकी बाइक सिसौना इलाके में पहुंची तो बाइक हादसे का शिकार हो गई। मौके पर पुलिस और 108 ऐम्बुलेंस पहुंच गई। घटना के बाद 108 ऐम्बुलेंस तीन युवकों को लेकर सीएचसी

पहुंचे। जहां डॉक्टर ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि दो घायलों को बिजनौर के लिए रैफर कर दिया। परिजनो का आरोप है कि इस दौरान मृतक और घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

अस्पताल में परिजनों ने डॉक्टर की लापरवाही से मौत होने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। अस्पताल स्टाफ को सीएचसी में पुलिस बुलानी पड़ी।

सूचना पर कई थाने की पुलिस अस्पताल पहुंच गई। उसके बाद परिजन चांदपुर थाने पहुंच गए। मृतक की मां थाने के पास ही रोड पर बैठकर रोती बिलखती रही। कई घंटों के बाद परिजन शांत हुए और शव को पंचनामा भर बिना कार्यवाही के घर ले गए।

**सम्मान में हॉल ऑफ फेम आयोजित**

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर नो स्थित डीपीएसजी स्कूल में शुक्रवार को कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए हॉल ऑफ फेम समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने अवतार वर्णन नामक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसमें विभिन्न अवतारों का चित्रण किया।

# पुलिसकर्मी पर अभद्रता का आरोप लगाकर जाम लगाया




✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

धोखाधड़ी की शिकायत करने गई महिलाओं ने गोविंदपुरी पुलिस चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। घटना से नारज महिलाओं ने दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे 20 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा।

थानाप्रभारी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत किया। जानकारी के अनुसार, विजयनगर कॉलोनी निवासी मीनाक्षी, किरण, रजनी, पूजा, कविता, संजू, गीता, पूनम और संगीता सहित 12 से अधिक महिलाएं एकत्र होकर गोविंदपुरी पुलिस चौकी पहुंची थीं।

महिलाओं ने बताया कि कॉलोनी निवासी एक युवक ने कहा कि सरकारी योजना में कम ब्याज पर 50 हजार रुपये ऋण दिलाने का झांसा दिया था।

इसके बाद युवक ने एक अन्य व्यक्ति से मुलाकात कराई। उक्त व्यक्ति ने कॉलोनी की 15 महिलाओं से उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य जरूरी दश्तावेज ले लिए।

इस दौरान कई कागजात पर हश्ताक्षर भी कराए। महिलाओं का आरोप है कि उनके नाम से कई बैंकों में खाता खुलवाकर एटीएम कार्ड बनवा लिए गए। उनके नाम से खुले खातों से हर माह लाखों रुपये का लेनदेन हो रहा। जब इसकी जानकारी हुई तो वह बैंक गईं और खाते की जानकारी ली।

बैंक अधिकारियों ने खाते की जानकारी देने से मना कर दिया और पासबुक लाने को कहा। महिलाओं का आरोप है कि उनके नाम से खुले खातों में कालेधन का लेनदेन किया जा रहा। इससे भविष्य में समस्या हो सकती है। महिलाओं ने इस संबंध में तहरीर भी दी। महिलाओं का आरोप है कि गोविंदपुरी पुलिस चौकी में वह चौकी प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मियों को अपनी समस्या बता रही थीं। इसी बीच चौकी प्रभारी ने एक गर्भवती महिला से अभद्रता कर दी और मोबाइल छीन लिया।

इस बात नाराज होकर महिलाओं ने अपराह्न करीब तीन बजे पहले चौकी पर हंगामा किया। इसके बाद दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे वाहनों की कतार लग गई। सूचना पर मोदीनगर थानाप्रभारी प्रशांत त्यागी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत कराया।

सीओ मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने कहा कि महिलाओं से अगर अभद्रता की गई तो इसकी जांच कराई जाएगी। पुलिसकर्मियों से पीड़ति से अच्छा व्यवहार करने के निर्देश हैं। महिलाएं धोखाधड़ी की शिकायत करने आई थीं। सड़क पर पहुंचते ही महिलाओं को हटा लिया गया था।

# परिजनो ने सुसरालियों पर लगाया विवावहिता को जहर दे मारने का आरोप






✷ एनसीआर टुडे. शेरकोट ✷

थाना क्षेत्र के एक ग्राम मे एक विवाहिता की मृत्यु के उपरान्त परिजनो ने विवावहिता को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर सुसराल पक्ष के लोगो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरु कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टाण्डा माईदास थाना रायपुर निवासी मनोज कुमार पुत्र रणधीर ने बताया कि उसकी बहन सीमा देवी की शादी पन्द्रह साल पूर्व मंधोरा निवासी ड्राईवर अर्जुन पुत्र टीकम के साथ हुई थी।

शादी के बाद से ही टीकम सीमा को परेशान रखता था, दूसरा बच्चा लड़की होने के बाद से पिछले चार साल से टीकम मुम्बई में रह रहा था तथा वहा उसने दूसरी शादी करली चार रोज पूर्व अर्जुन मुम्बई से गांव वापस आया तथा सीमा को साथ ले जाने को कहने लगा सीमा द्वारा अनहोनी की आंशका व्यक्त करते हुए साथ जाने से मना कर दिया था। गुरूवार / शुक्रवार की रात्रि तीन बजे उन्हें फोन पर जानकारी दी कि सीमा का देहान्त हो गया। वही ग्राम पहुँचने पर लोग

जानकारी मिली कि उसे जहरीला पदार्थ देकर मारा गया हैं। मृतक के भाई मनोज ने बहन के पति अर्जुन सहित सुसराल पक्ष के कई लोगो के खिलाफ नामजद तहरीर देकर जान से मारने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुँच शव को कब्जे में ले लिया। मृतक सीमा के एक बेटा 12 साल व एक बेटी 4 साल हैं। सीमा देवी की मोत से परिजनो मे कोहराम मचा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक कार्यवाही जारी थी।

## दो गुटों के झगड़े में युवक को पैर में लगी गोली, गम्भीर घायल

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

युवकों के दो गुटों में हुई आमने-सामने की लड़ाई में दुकान पर सामान लेने





पहुंचे युवक के पैर में गोली लगने से आसपास क्षेत्र में भगदड़ मच गई घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना आज सवेरे लगभग साढ़े सात बजे की बताई जा रही है जहां मुरादाबाद रोड पर कृष्णा डिग्री कालेज के निकट युवकों के दो गुटों में झगड़ा हुआ,एक गुट के युवक परचून की दुकान में बचने को घुस गए जहां युवक रितिक सैनी मोबाइल चार्ज कराने आया था। दुकान स्वामी पंकज सैनी ने बताया कि दो एक गुट के दो युवकों के हाथों में तमंचे थे।

दुकान में घुसें युवकों पर चलाई गोली रितिक सैनी के पैर में लग गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पंकज सैनी ने बताया कि मारने वाले युवक स्थानीय लक्की व शगुन थें। झगड़े के कारण से पंकज ने अनभिज्ञता प्रकट की है। पुलिस मामले की जानकारी कर रही है। घटना के बाद सभी युवक फरार हो गए हैं।

# मृतक रमेश सिंह के परिजनों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छेड़छाड़ का लगाया आरोप

✷एनसीआर टुडे. किरतपुर ✷

ग्राम भनेड़ा मैं हुई संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति की मृत्यु के संबंध में पुलिस के द्वारा आरोपियों को हिरासत मे ना लेने पर पीड़ित पक्ष का पुलिस के प्रति तीव्र रोष व्याप्त है। पुलिस संदेह के घेरे में है।

प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम भनेड़ा निवासी रमेश सिंह को 13 मई 2025 को आरोपी विकास कुमार, गुलाम अब्बास एडवोकेट ,टीकम सिंह सैनी, योगेंद्र सिंह ,पीतांबर सिंह व महेश कुमार घर से यह कह कर ले गए थे की बिजनौर एक जांच के सिलसिले में जाना है रमेश सिंह घर वालों को बिना कुछ बताएं इन लोगों के साथ चला गया था।

जब मृतक रमेश सिंह 13 मई,14 मई को घर नहीं पहुंचा तो मृतक के घर वालों ने जानकारी लेनी शुरू कर दी जानकारी के अनुसार पता चला के



उपरोक्त व्यक्तियों के साथ वह बिजनौर गए थे। परंतु 15 मई की सुबह सवेरा 7:00 बजे घर से 100 मीटर की दूरी पर एक एंबुलेंस आकर रुकी जिसमें से मृतक रमेश सिंह 50 वर्ष का शव देखा गया। जो कि एंबुलेंस बिना नंबर प्लेट के थी।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। उनका रो-रो कर बुरा हाल था उनका कहना था कि मृतक रमेश सिंह की हत्या की गई है।

मृतक रमेश सिंह की पत्नी गीता देवी की ओर से पुलिस कप्तान को दिए गए प्रार्थना पत्र की ओर से एक अधिवक्ता सहित लोगों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई पुलिस का कहना था कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार मृतक रमेश सिंह की मृत्यु हार्ट अटैक के कारण हुई है।

पीड़ित पक्ष पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है पीड़ित पक्ष का कहना है कि विपक्षी दबंग लोग हैं जिन्होंने अपने आप को बचाने के लिए उसके पति की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ छेड़छाड़ की गई है और मृत्यु होने के सही कारण को छुपाया गया है पीड़ित का कहना है कि आरोपी सरे आम घूम रहे हैं और पुलिस का उन्हें कोई डर नहीं है।

# अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

### रैली में सबसे आगे दिव्यांग नीति अगरवाल तिरंगा लेकर रहे

✷ एनसीआर टुडे. झालू ✷

नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना की सेवा पराक्रम को मनाने के लिए एक तिरंगा रैली निकाली गई।

दिल्ली ने सभी के जिलों में देशभक्ति भावना को जागृत किया इस तिरंगा रैली में नगर के हर वर्ग और धर्म के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया इतना ही नहीं रैली में शामिल लोगों ने तिरंगा झंडा को हाथों में लेकर देशभक्ति गीत और भारत माता की जय के नारे भी जमकर लगाए विकास पुरुष नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में निकल गई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं सेवा के जवानों के शौर्य के लिए या रैली नगर पंचायत कार्यालय से शुरू होकर मुख्य बाजार छतरी वाला कुआं रामलीला चौक आदि से होती हुई।

पुलिस चौकी के सामने से निकलकर अपने गंतव्य स्थान पर संपन्न हुई इस रैली में नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी के साथ-साथ यूपी जिला अधिकारी सदर अवनीश कुमार अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल, वरिष्ठ लिपिक अनुज अग्रवाल, कनिष्ठ लिपिक




अनिल शर्मा और प्रधान सूरत सिंह, दया सहित नगर पंचायत के सभी सभासद वह स्टाफ मौजूद रहे।

तिरंगा रैली में नगर की जनता के साथ-साथ वरिष्ठ लिपिक अनुज अग्रवाल व्यापारी नेता सुरेश वर्मा अनुराग जोशी मोहम्मद अब्बास ठेकेदार अनिल बाबू रणवीर सिंह निर्मल राजकुमार चौधरी उर्फ बबलू वकील सूरज सिंह मुनेंद्र चौधरी दीपू सुरेंद्र सिंह सैनी अरुण चौधरी चांद मेंबर नेपाल सिंह चौधरी सुखबीर सिंह कपिल जोशी चौधरी राजवीर सिंह मास्टर कांता प्रसाद शगुन काशिफ मेंबर निश यू टीटू चार्ट वाले अंकित शर्मा बिट्टू मास्टर सुरेश वर्मा दीपेंद्र सिंह पन्नू सुभाष अग्रवाल सौरभ अग्रवाल अमरजीत सिंह गौरव चौधरी नवीन मौलाना वसीम उल हसन हसीन और सब्बू अनिल शर्मा सुशांत सूरज प्रधान कपिल जोशी भूत अध्यक्ष घनश्याम सिंह उमेश जोशी राजकुमार अग्रवाल बिट्टू जोशी हितेश रंजीत नवाब गौतम शिव अरुण नसीम अहमद सुशांत शर्मा कर्मेंद्र फुरकान आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व भारतीय सेना।के जवानो की वीरता का परिणाम हैऑपरेशन सिन्दूर ÷÷चोधरी

नगर पंचायत अध्यक्ष युवा भाजपा नेता लोकेंद्र चौधरी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं भारतीय सेवा के जवानों की वीरता का परिणाम है।

## हड़ताल पर स्टोन क्रेशर निर्माण करना मुश्किल

✷ एनसीआर टुडे. रायपुर सादात ✷

नगीना जॉन के स्टोन क्रेशर हड़ताल पर चले जाने के बाद भूखंड स्वामियों के सामने निर्माण करना भारी हो गया है।

संगठन के अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया जब तक उत्तराखंड से संचालित आरबीएम के डंपर वेध प्रपत्रों के साथ सप्लाई नहीं करेंगे तब तक कोई भी स्टोन क्रेशर स्वामी आर बीएम नहीं खरीदेगा साथ ही नगीना देहात में संचालित खनन का पट्टा बंद हो जाने से स्टोन क्रेशरो पर आर बी एम की सप्लाई बाधित हो गईं क्रेशर स्वामी हड़ताल पर जाने को मजबूर है।

स्टोन क्रेशर संगठन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौहान ने बताया उत्तराखंड से जो डंपर आर बी एम लेकर आते हैं वह नियम अनुसार तथा वेध प्र पत्रों के साथ आर बी एम की आपूर्ति सप्लाई करें वरना कोई भी स्टोन क्रेशर स्वामी उनका आरबीएम नहीं खरीदेगा।

अनाधिकृत रूप से जो डंपर उत्तराखंड से यहां नगीना जोन में आकर सप्लाई करते हैं उसे स्टोन क्रेशर स्वामियों पर भी उंगली उठती है।

उन्हें भी कार्यवाही का होने का खतरा बना रहता है इसलिए यूनियन ने निर्णय लिया है जब तक नियम अनुसार आरबीएम की आपूर्ति नहीं होगी उत्तराखंड से आने वाले किसी भी डंपर से आरबीएम नहीं खरीदा जाएगा।

बिजनौर जनपद में संचालित सभी स्टोन क्रेशर हड़ताल पर है नगीना जोन में चलने वाले स्टोन क्रशर के अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया नगीना जॉन तथा भागु वाला जॉन का कोई भी स्टोन क्रशर जब तक नहीं चलेगा।

# गंगा नहाने गए दो युवकों के डूबने से मौत

- ✷ गर्मी से राहत पाने के लिए पांच दोस्त गए थे गंगा में नहाने।
- ✷ पांच दोस्तों में से दो दोस्तों की गंगा में डूबने से हुई मौत।
- ✷ तनवीर और समीर की गंगा में डूबकर दम घुटने से हुई मौत।
- ✷ घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस।
- ✷ गंगा में डूबे दोनो नाबालिग लड़को के गोताखोरों ने निकाले गंगा से शव बाहर।





✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

मंडावर गंगा खादर क्षेत्र में गर्मी के मौसम में गंगा नहाने गए पांच युवकों में से दो युवकों की गंगा में डूब जाने से दर्दनाक मौत हो गई।

दोनों के परिवारों में कोहराम मचा है। पुलिस प्रशासन ने गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों के शव बरामद कर लिए हैं ।बताया जाता है कि गंगा नहाने गए पांच दोश्तों में से तनवीर और समीर की गंगा में डूब कर दम घुटने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंची।

गोताखोरों की मदद से दोनों नाबालिक लड़कों के शवो को गंगा से बाहर निकलवाया।

मामला मीरापुर खादर की गंगा का बताया जाता है। पुलिस ने दोनों शवो को सील कर वैधानिक कार्रवाई पूरी करने मे जुट गयी।

# संपादकीय

## राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के नए सिद्धांत, अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर

आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर द्वारा एक नया मानक स्थापित किया। आतंकवाद की जघन्य घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। 2001 में संसद पर हमला हुआ था और 2008 में पाकिस्तान से आए आतंकियों ने मुंबई में भयंकर नरसंहार किया था। इन बड़ी घटनाओं के बाद भी भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कोई सैन्य कार्रवाई नहीं की।

इसके विपरीत मोदी सरकार के समय 2016 में उड़ी में आतंकी हमले के बाद सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक की गई और 2019 में पुलवामा में भीषण आतंकी हमले के बाद हमारे लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में बमबारी की।

ऐसा प्रतीत होता है कि ये कठोर कदम भी पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए पर्याप्त नहीं थे। इसीलिए पहलगाम में भीषण आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर किया भारतीय सेना ने पहले आतंकियों के नौ बड़े अड्डों को तबाह किया, फिर पाकिस्तानी सेना की उकसावे वाली कार्रवाई पर उसके कई प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए।

भारतीय सैन्य बलों ने अपने पराक्रम से यह दिखा दिया कि वह पाकिस्तान से कहीं आगे हैं। पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचा कर भारत ने दुनिया को भी यह बताया कि हम पड़ोसी देश को पस्त करने की क्षमता रखते हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने राष्ट्रीय सुरक्षा नीति में कुछ नए सिद्धांत प्रतिपादित किए हैं।

पहला, यह कि यदि आतंकी हमला होता है तो उसे 'एक्ट आफ वार' मानकर जवाबी कार्रवाई की जाएगी। दूसरा, यह कि हम परमाणु ब्लैकमेलिंग से प्रभावित नहीं होंगे और तीसरा यह कि आतंक पर प्रहार करने में आतंकियों और उनके संरक्षकों में कोई फर्क नहीं करेंगे। पाकिस्तान को बता दिया गया कि आतंक और वार्ता साथ-साथ नहीं चल सकते और न ही आतंक और व्यापार। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते। यह संदेश पाकिस्तान के साथ-साथ सारी दुनिया के लिए भी है।

नए सुरक्षा सिद्धांतों पर कायम रहने के साथ यह समय इस पर चिंतन करने का भी है कि सुरक्षा व्यवस्था में कमी-कमजोरी दूर करने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएं। हमें अपनी आंतरिक सुरक्षा को और सुदृढ़ करना पड़ेगा।

आखिर ऐसा कैसे हुआ कि खुफिया विभाग को पहलगाम में आतंकियों की साजिश के बारे में कोई भनक नहीं मिल सकी? वहां समय रहते पुलिस की कोई टुकड़ी क्यों नहीं पहुंच सकी? इस पर भी विचार किया जाना चाहिए कश्मीर में जन समर्थन प्राप्त करने के लिए हमें और क्या करना पड़ेगा? यह तथ्य है कि करीब 15 स्थानीय लोगों ने आतंकियों की मदद की।

भारत और पाकिस्तान के अघोषित युद्ध में अमेरिका की भूमिका निराशाजनक रही। शुरू में तो ऐसा लगा कि अमेरिका बीच में नहीं पड़ेगा, परंतु वह एकदम से कूद पड़ा और राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान में युद्ध विराम कराने का श्रेय भी लिया। भारत ने इसका खंडन सही किया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को जो कर्ज दिया, वह भी अमेरिका की सहमति के बिना नहीं हुआ होगा। यदि भविष्य में पाकिस्तान या चीन से युद्ध करना पड़ता है तो क्या हम अमेरिका पर निर्भर कर सकते? यह एक बहुत बड़ा प्रश्न है। रूस ने हमारा साथ दिया, परंतु यूक्रेन से लड़ाई के चलते उसके चीन से रिश्ते बहुत प्रगाढ़ हो गए हैं।

हम इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि तुर्किये और अजरबैजान पूरी तरह पाकिस्तान के समर्थन में खड़े हुए। जनता में इन दोनों देशों के प्रति आक्रोश है। संतोष का विषय है कि भारत सरकार ने आवश्यक कदम उठाना शुरू कर दिया है।

हमें गांठ बांध लेना चाहिए कि जब तक सीमा संबंधी विवाद पर संतोषजनक समझौता नहीं हो जाता, तब तक हम चीन से व्यापारिक स्तर पर सामान्य संबंध नहीं कर सकते। दुर्भाग्य से देश में एक ऐसी लाबी है, जिसे अपने मुनाफे की ज्यादा चिंता है। उसे देश की प्रतिष्ठा की चिंता नहीं।

ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है और होना भी नहीं चाहिए। आखिर बड़े आतंकी सरगना हाफिज सईद, मसूद अजहर, सलाहुद्दीन और अन्य अनेक अभी भी जीवित हैं। इन सभी ने भारत में आतंक की गंभीर घटनाएं की हैं, जिसके लिए उन्हें सजा मिलनी अभी बाकी है। भारत को ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई फिर करनी पड़ सकती है।

यह सोचना कि पाकिस्तान को जो चोट पहुंची, उससे वह अपनी हरकतों से बाज आएगा, गलत होगा। आतंक को पोषण देने वाला पाकिस्तान कुछ भी कर सकता है।

भारत को अपनी सामरिक शक्ति को और बढ़ाना होगा। हमारी वायुसेना के पास 42 स्क्वाड्रन होने चाहिए, अभी 31 हैं। एडवांस्ड मीडियम कांबैट एयरक्राफ्ट बनाने की योजना में विलंब हो रहा है। हमारे पास पांचवीं पीढ़ी के जेट फाइटर नहीं हैं, जबकि चीन उन्हें बना रहा है। चार दिनों की लड़ाई में पाकिस्तान ने ड्रोन के झुंड के झुंड भेजे।

हमने अधिकांश मार गिराए गए, लेकिन हमें रक्षा बजट के लिए और अधिक धनराशि आवंटित करनी पड़ेगी। अभी तक यह धनराशि हमारी जीडीपी का केवल 1.9 प्रतिशत है। इसे कम से कम 2.5 प्रतिशत तक ले जाना होगा। चीन प्रतिवर्ष रक्षा पर 314 अरब डालर खर्च करता है, जबकि भारत केवल 86.1 अरब डालर। जिहादी मानसिकता वाले पाकिस्तान और भारत विरोधी चीन के रुख को देखते हुए हमें एक महाशक्ति के रूप में उभरना ही होगा।

# जनता क्यों भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोये?

**ललित गर्ग**

विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं।

ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है।

भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है। इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना।

राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोती रहेगी।

कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे?

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है।

लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है? सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक 'बड़ी साजिश' को दर्शाता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हश्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दर्शाता है।

अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया।

जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इश्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी।

अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली




बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके।

भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है।

इस योजना की शुरुआत इस मकसद से की गई थी कि गरीब परिवारों को साल में कम से कम सौ दिन रोजगार मिल सकेगा और वे अपना भरण-पोषण कर सकेंगे मगर शुरुआती वर्षों में ही इसमें भ्रष्टाचार उजागर होने लगे थे। फर्जी नाम दर्ज कर काम देने की बड़ी चालबाजियां सामने आई थीं।

सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का ताना-बाना संबंधित महकमों में ही बुना जाता है। इसी का त्रासद उदाहरण गुजरात में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से कार्य निष्पादन के दश्तावेज तैयार कर करोड़ों की रकम भुना लेने का है। पुलिस ने इस मामले में अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें सड़क, बांध, पुलिया आदि निर्माण के लिए सामग्री मुहैया कराने का ठेका दिया गया था।

इस घोटाले ने इसलिए तूल पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया है कि इसमें वहां के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री के दो बेटों को भी गिरफ्तार किया गया है।

गुजरात ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के किस्से उजागर हो रहे हैं। मुजफ्फरपुर में भी मनरेगा भ्रष्टाचार का शिकार हो गया है। जिले के कई ब्लॉक में मनरेगा में भ्रष्टाचार हो रहा है। फर्जी हाजिरी और फोटो घोटाले से हर दिन लाखों रुपये की लूट हो रही है।

एक ही फोटो को बार-बार इश्तेमाल करके लाखों रुपये निकाले जा रहे हैं। गुजरात में मंत्री के बेटों के द्वारा मनरेगा लूट एवं भ्रष्टाचार अधिक परेशान करने वाला एवं चिन्ता में डालने वाला है। नेता, मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है।

नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।

अब तक आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल आदि राजनीतिक दलों में ही भ्रष्टाचार के किस्से सामने आ रहे थे, अब भाजपा नेताओं एवं मंत्रियों पर भी ऐसे आरोप लगना ज्यादा चिन्ताजनक है। प्रश्न भाजपा का ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसके खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी दल के नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बुगल बजाय हुए हैं तो यह नये भारत, सशक्त भारत, ईमानदार भारत बनाने की सार्थक पहल है।

राजनीतिज्ञों, जजों, प्रशासनिक अधिकारियों की साख गिरेगी, तो राष्ट्र की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। चहुंओर पसरे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से विकास के दावों का विद्रूप रूप ही सामने आता है। हमारे पास कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद राश्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टाचार के बाद तीसरा नंबर कीचड़ उछाल राजनीति का भी है, जिसमें गलत को गलत नहीं माना जाता। ये तीनों ही ऐसे औजार है, जो देश को तबाही की ओर ले जाते हैं।

अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इससे खिलाफ आरपार की लड़ाई के लिए काफी कठोरता, निष्पक्षता, वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, सख्त कदम उठाने की अपेक्षा है। ऐसी ही उम्मीदभरी एवं भ्रष्टाचार-निरोधक कार्रवाई से भारत का लोकतंत्र समृद्ध हो सकेगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन युद्ध शांति वार्ता की जिम्मेदारी पोप पर डाली

**टी एन अशोक**

बहुप्रतीक्षित ट्रंप-पुतिन कॉल से पहले, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने कहा कि उन्होंने रविवार को ट्रंप से बात की। ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा कि वह 'पुतिन से शांति वार्ता को गंभीरता से लेने का आग्रह कर रही है।' बयान में कहा गया है कि उन नेताओं ने 'रूस द्वारा युद्धविराम और शांति वार्ता में गंभीरता से शामिल न होने पर प्रतिबंधों के इश्तेमाल पर भी चर्चा की'-

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन और रूस के साथ चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपने शांति प्रयासों को लगभग बंद कर दिया है, क्योंकि सोमवार को तथाकथित दोश्त रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी दो घंटे की बातचीत नो एंट्री ज़ोन में समाप्त हो गयी। वेटिकन अब रूसी और यूक्रेनी नेताओं के बीच शांति वार्ता की मेजबानी करने के लिए दृश्य में प्रवेश कर गया है।

कोई नहीं जानता कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने शिकागो में जन्मे पोप लियो-१४ से मदद मांगी या नहीं, ताकि वे उन्हें बचा सकें और वार्ता की मेजबानी कर सकें, ताकि दोनों नेता उनकी बात सुन सकें। लेकिन वीपी जेडी वांस ने वाशतव में शिकागो के नये पोप लियो-१४ से मुलाकात की और यूक्रेन सहित वैश्विक स्थिति के बारे में बताया।

ट्रम्प ने यूक्रेन में युद्ध के 'रक्तपात' को रोकने के प्रयास में सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और अन्य नेताओं से अलग-अलग कॉल में बात की। लेकिन राष्ट्रपति की शांति पहल अनिर्णायक रही, जिससे वे निराश हो गये। ट्रम्प ने अपने सोशल नेटवर्क ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि-रूस और यूक्रेन अब 'तुरंत' युद्ध विराम पर सीधी बातचीत करेंगे।

हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि ये वार्ता किस रूप में होगी या कब होगी। ट्रम्प ने कहा कि वेटिकन ने वार्ता की मेजबानी करने में रुचि व्यक्त की है। उन्होंने कहा, 'इसके लिए शर्तें दोनों पक्षों के बीच बातचीत से तय होंगी, क्योंकि ऐसा केवल इसलिए हो सकता है, क्योंकि वे वार्ता के विवरण जानते हैं, जिसके बारे में किसी और को पता नहीं होगा।' पुतिन के साथ ट्रम्प की कॉल दो घंटे से अधिक समय तक चली और 'बहुत जानकारीपूर्ण और बहुत खुली थी,' पुतिन ने रूसी राज्य मीडिया को बताया।

ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की के साथ अपनी बातचीत के बारे में बहुत कम कहा, जिनसे उन्होंने सबसे पहले बात की, सिवा इसके कि उन्होंने ज़ेलेंस्की और अन्य नाटो देशों के नेताओं को वार्ता के बारे में सूचित कर दिया था।

व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने कोई और जानकारी देने से इनकार कर दिया। ज़ेलेंस्की के अनुसार, ट्रंप ने सोमवार को ज़ेलेंस्की से दो बार बात की, एक बार आमने-सामने, पुतिन के साथ ट्रंप की कॉल से पहले, और फिर यूक्रेनी और नाटो नेताओं के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान।

ज़ेलेंस्की ने ट्वीट किया, 'मैंने राष्ट्रपति ट्रंप से फिर से कहा कि-यूक्रेन पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम के लिए तैयार है।' उन्होंने लिखा, 'अगर रूसी हत्याओं को रोकने के लिए तैयार नहीं हैं, तो उन पर कड़े प्रतिबंध लगाये जाने चाहिए।' 'रूस पर दबाव उसे वाशतविक शांति की ओर ले जाएगा-यह दुनिया भर में सभी के लिए स्पष्ट है,' रोम में एनबीसी न्यूज के साथ सोमवार को एक साक्षात्कार में, जहां पोप लियो-१४ ने उनका स्वागत किया, उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने कहा, यह जोड़ते हुए कि 'हमने पोप के साथ राष्ट्रपति की प्रमुख शांति पहलों के बारे में बात की।

हमने इस बारे में बहुत बात की कि इज़राइल और गाजा में क्या चल रहा है। हमने रूस-यूक्रेन की स्थिति के बारे में बहुत बात की। भविष्य की भविष्यवाणी करना कठिन है, लेकिन मुझे लगता है कि, न केवल पोप, बल्कि पूरे वेटिकन ने, आप जानते हैं, वाशतव में मददगार होने की इच्छा व्यक्त की है, और उम्मीद है कि एक शांति समझौते को सुविधाजनक बनाने के लिए मिलकर काम करना है। भविष्य की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती, लेकिन यह बहुत सार्थक था, और मुझे उम्मीद है कि देश के लिए इसका फल मिलेगा।'

इस बीच, पुतिन के प्रवक्ता दिमित्रीपेसकोव ने कॉल से पहले कहा कि रूस 'अमेरिका को बहुत महत्व देता है' और 'अमेरिकी पक्ष का आभारी है।' पत्रकारों के साथ एक ब्रीफिंग में, उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका 'शांतिपूर्ण तरीकों से हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है, तो यह वाशतव में बेहतर है।'

पेसकोव से ट्रंप और पुतिन की व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की संभावना के बारे में भी पूछा गया, जिसकी संभावना अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को जताई थी। पेसकोव ने कहा, 'यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि वे खुद क्या फैसला करते हैं।' उन्होंने कहा कि तारीखों और अन्य विवरणों के संदर्भ में दोनों नेताओं द्वारा बैठक पर 'काम करने की जरूरत है'।

बहुप्रतीक्षित ट्रंप-पुतिन कॉल से पहले, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने कहा कि उन्होंने रविवार को ट्रंप से बात की। ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा कि वह 'पुतिन से शांति वार्ता को गंभीरता से लेने का आग्रह कर रही है।'

बयान में कहा गया है कि उन नेताओं ने 'रूस द्वारा युद्धविराम और शांति वार्ता में गंभीरता से शामिल न होने पर प्रतिबंधों के इश्तेमाल पर भी चर्चा की'- कुछ ऐसा जिसकी ट्रंप पहले भी धमकी दे चुके हैं। फरवरी २०२२ में शुरू होने के बाद से यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को समाप्त करने के लिए कई दौर की शांति वार्ताएं हो चुकी हैं।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सभी कब्जे वाली भूमि को रूसी के रूप में मान्यता देने, रूस को वे सभी क्षेत्र दिये जाने की मांग कर रहे हैं जिन पर उसका दावा है लेकिन उसका पूर्ण नियंत्रण नहीं है।

फिर यह गारंटी भी कि यूक्रेन कभी भी नाटो में शामिल नहीं होगा, और वह रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को हटाना चाहते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की रूसी सैनिकों की पूरी तरह वापसी, कैदियों और अपहृत यूक्रेनी बच्चों की वापसी, युद्ध अपराधों के लिए रूसी नेताओं पर मुकदमा चलाने और आगे रूसी आक्रमण को रोकने के लिए सुरक्षा गारंटी की मांग कर रहे हैं।

रूसी और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच पहली बैठक आक्रमण शुरू होने के चार दिन बाद, २८ फरवरी २०२२ को बेलारूस में हुई और बिना किसी नतीजे के समाप्त हुई। बाद में वार्ता के दौर हुए- मार्च २०२२ में बेलारूस-यूक्रेन सीमा पर और तुर्की के अंताल्या में। तुर्की में बातचीत से एक समझौता हुआ जिसके अनुसार यूक्रेन नाटो में शामिल होने की योजना को छोड़ देगा और अपनी सेना पर सीमाएं लगायेगा, जबकि पश्चिमी देशों से सुरक्षा गारंटी होगी और रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्ज़ा करने को मान्यता देने की आवश्यकता नहीं होगी।

मसौदा संधि पर लगभग सहमति बन गयी थी, लेकिन सुरक्षा गारंटी और बुचा नरसंहार पर असहमति ने अंततः वार्ता की सफलता को रोक दिया। डोनाल्ड ट्रम्प के संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद २०२५ में नये सिरे से बातचीत शुरू हुई। ट्रम्प ने इस साल १२ फरवरी को पुतिन के साथ फ़ोन पर बात की और उसके तुरंत बाद अमेरिकी अधिकारियों ने ज़ेलेंस्की से मुलाक़ात की। सऊदी अरब शांति वार्ता के लिए प्राथमिक मेज़बान देश के रूप में उभरा।

अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन के बाद, ट्रम्प और ज़ेलेंस्की के बीच संबंध खराब हो गये, जिसकी परिणति २८ फ़रवरी को दोनों के बीच हुई बैठक में हुई जिसमें अमेरिकी अधिकारियों ने यूक्रेफेनियों को बीच में ही चले जाने के लिए कहा और एक नियोजित यूक्रेन-अमेरिका खनिज राजस्व सौदे को छोड़ दिया। बैठक के बाद, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने यूक्रेन में सैनिकों के साथ 'इच्छुक गठबंधन' द्वारा संरक्षित युद्ध विराम की योजना बनायी। मार्च से रूस और यूक्रेन दोनों द्वारा कभी-कभी कुछ सीमित युद्ध विराम पर सहमति होती रही है।

# रेलवे स्टेशनों व 26 हजार करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यारा व शुभारंभ

**विनोद कुमार सिंह**

राजा व महाराजाओ की ऐतिहासिक नगरी राजस्थान। जिसकी गौरवशाली इतिहास से हम व आप भली भाँति परिचित है। उसी राजस्थान के ऐतिहासिक शहर बीकानेर शहर में एक सार्वजनिक समारोह मे वर्चुअल माध्यम से देश के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।

ये स्टेशन "अमृत भारत स्टेशन योजना" के तहत आधुनिक रूप से पुनर्निर्मित किए गए हैं। जिनमें तेलंगाना में बेगमपेट रेलवे स्टेशन काकतीय साम्राज्य की वाश्तुकला से प्रेरित है। बिहार में थावे स्टेशन में 52 शक्तिपीठों में से एक माँ थावेवाली का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न भित्ति चित्र और कलाकृतियां शामिल हैं और यहां मधुबनी पेंटिंग को दर्शाया गया है। गुजरात में डाकोर स्टेशन रणछोड़राय जी महाराज से प्रेरित है।

सर्वविदित रहे कि इस योजना का उद्देश्य भारतीय रेलवे के आधारभूत ढांचे को वैश्विक मानकों के अनुकूल व अनुरूप बना कर यात्रियों को विश्वश्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सर्वविदित रहे कि ये 103 स्टेशनों को लगभग 1100 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। जो देश के 86 जिलों में फैले हुए हैं, जिनमें आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य शामिल हैं। ये स्टेशन न सिर्फ यात्री सुविधाओं के लिहाज़ से उन्नत किए गए हैं, बल्कि उनमें क्षेत्रीय संस्कृति, स्थानीय वाश्तुकला और पर्यावरणीय मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है। राजस्थान के बीकानेर ज़िले के देशनोक से एक विशाल जनसभा को संबोधित करते मोदी ने कहा कि यह कार्यक्रम आधुनिक भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

रेलवे स्टेशन किसी भी शहर के पहले प्रभाव का हिस्सा होते हैं और यह जरूरी है कि वे नए भारत की पहचान बने। अमृत भारत योजना केवल इमारतों की मरम्मत नहीं है, बल्कि यह पूरे यात्रा अनुभव को बदलने का एक प्रयास है स्थानीय व्यवसाय, पर्यटन, रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत अब तेज़ गति से इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काम कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में छह गुना अधिक राशि इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर खर्च की गई है।

आज रेलवे में वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें देश की नई रफ्तार और प्रगति का प्रतीक बन चुकी हैं। ब्रॉड गेज ट्रैक पर बिना फाटक वाली क्रॉसिंग अब इतिहास बन चुकी हैं और अब पूरा रेल नेटवर्क सुरक्षित, तेज़ और आधुनिक हो रहा है। इन स्टेशनों के डिज़ाइन में साफ-



सफाई, दिव्यांगजनों के लिए सुविधा, पर्यावरणीय सुरक्षा, सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और ग्रीन बिल्डिंग जैसे आयामों को भी जोड़ा गया है। हर स्टेशन की पहचान वहां की संस्कृति और परंपरा से जोड़कर बनाई गई है। इससे न केवल यात्रियों को एक नया अनुभव मिलेगा, बल्कि रेलवे देश की सांस्कृतिक विविधता का भी प्रतीक बनकर उभरेगा। भारत आज आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और रेलवे के आधुनिकीकरण में भी यह आत्म निर्भरता झलक रही है।

अमृत भारत स्टेशन योजना न केवल एक निर्माण योजना है, बल्कि यह भारत की नई सोच और दूरदृष्टि का प्रतीक भी है। भारतीय रेलवे के इस कायाकल्प से आने वाले वर्षों में देश की आर्थिक और सामाजिक गति को नई ऊंचाई मिलेगी।

विगत11 वर्षों में सड़कों, हवाई अड्डों, रेलवे और रेलवे स्टेशनों में हुई तीव्र प्रगति की चर्चा की। उन्होंने परियोजनाओं की चर्चा करते हुए उत्तर में उल्लेखनीय चिनाब ब्रिज, अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग और पूर्व में असम में बोगीबील ब्रिज का पश्चिमी भारत में, मुंबई में अटल सेतु दक्षिण में, भारत के अपनी तरह के पहले पंबन ब्रिज की चर्चा की।

रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाने के भारत के निरंतर प्रयासों पर बल देते हुए देश की नई गति और प्रगति के प्रतीक के रूप में वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रेलों के शुरूआत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अब लगभग 70 मार्गों पर वंदे भारत रेल चल रही हैं और इनसे दूरदराज के क्षेत्रों में आधुनिक रेल संपर्क स्थापित हो रहा हैं। आज सैकड़ों सड़क ओवरब्रिज और अंडरब्रिज के निर्माण के साथ ही 34, 000 किलोमीटर से अधिक नई रेलवे पटरियां बिछाना शामिल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रॉड गेज लाइनों पर मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को समाप्त कर दिया गया है, जिससे सुरक्षा में वृद्धि हुई है। कार्गो परिवहन को सुव्यवस्थित करने के लिए समर्पित माल गलियारों के तेजी से विकास और भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के वर्तमान में जारी निर्माण का भी उल्लेख किया। इन प्रयासों के साथ-साथ, यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए 1, 300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

इन रेलवे स्टेशनों का नाम अमृत भारत स्टेशन रखा गया है और ऐसे 100 से अधिक स्टेशनों का निर्माण पूरा हो चुका है। स्थानीय कला और इतिहास के प्रदर्शन के रूप में कार्य करते हैं।

उन्होंने राजस्थान के मंडलगढ़ स्टेशन सहित महत्वपूर्ण उदाहरणों पर चर्चा की जो राजपूत परंपराओं की भव्यता को दर्शाता के साथ-साथ बिहार का थावे स्टेशन, मधुबनी कलाकृति के साथ माँ थावेवाली की पवित्र उपस्थिति को दर्शाता है।

मध्य प्रदेश का ओरछा रेलवे स्टेशन भगवान राम के दिव्य सार को दर्शाता है, जबकि श्रीरंगम स्टेशन का डिज़ाइन श्री रंगनाथ स्वामी मंदिर से प्रेरणा लेता है। गुजरात का डाकोर स्टेशन रणछोड़राय जी को श्रद्धांजलि देता है, तिरुवन्नामलाई स्टेशन द्रविड़ वाश्तुकला सिद्धांतों का पालन करता है और बेगमपेट स्टेशन काकतीय राजवंश की वाश्तुकला विरासत का प्रतीक है।

ये अमृत भारत स्टेशन न केवल भारत की हजारों वर्ष पुरानी विरासत को संरक्षित करते हैं, बल्कि राज्यों में पर्यटन विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में भी कार्य करते हैं, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन होता है। उन्होंने लोगों से स्टेशनों की स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

हजारों करोड़ रुपये सीधे तौर पर श्रमिकों, दुकानदारों, कारखाने के कर्मचारियों और ट्रक एवं टेम्पो ऑपरेटरों जैसे परिवहन क्षेत्रों से जुड़े लोगों को लाभ पहुंचा रहे हैं। अच्छी तरह से विकसित सड़कें और विश्तारित रेलवे नेटवर्क नए उद्योगों को आकर्षित करते हैं और पर्यटन को काफी बढ़ावा देते हैं।

उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे पर खर्च से अंततः हर घर को लाभ होता है, जिसमें युवा लोग उभरते आर्थिक अवसरों से सबसे अधिक लाभान्वित होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज इसी क्रम मे चुरू- सादुलपुर रेल लाइन(58 किमी) की आधारशि स्वास्थ्य सेवाओं और पानी की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए पूरे राजस्थान में 25 महत्वपूर्ण राज्य सरकार की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार है)**

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन**: 9899683800 वेबसाइट : www.ncrtoday.in **ई-मेल**: todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI-**UPHIN/2009/30721

## नशे का साम्राज्य खड़ा करने वाले केशव की तलाश में जुटी पुलिस

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷। बिजनौर। शराब कारोबारी केशव दूबे के घर में एक क्विंटल 80 किलो गांजा मिलने के बाद अब दो तरफा शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस की दो टीम केशव दूबे की तलाश में लगी हैं। आबकारी विभाग ने केशव दूबे के मंडी धनौरा में स्थित भांग के ठेके पर कार्रवाई के लिए अमरोहा प्रशासन को पत्र भेजा है। वहीं बिजनौर में स्थित केडी बार के लाइसेंस पर भी निरस्त्रीकरण की तलवार लटकी है। मूलरूप से केशव दूबे उर्फ केडी हरदोई का रहने वाला है, मगर उसने पश्चिम में आकर खासकर बिजनौर में अपना साम्राज्य खड़ा किया। बिजनौर में कभी उसे भांग के ठेके का लाइसेंस मिला था। अब चांदपुर रोड पर उसका केडी बार है, जिसे रविवार को आबकारी विभाग सील कर चुका है। उक्त बार का लाइसेंस भी निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर बार के लाइसेंस को निरश्त कर दिया जाएगा। गत शनिवार की देर शाम शहर कोतवाली पुलिस ने झालू मार्ग पर स्थित केशव दूबे के मकान में छापा मारते हुए एक क्विंटल 80 किलो गांजा बरामद किया था। मामले में केशव दूबे के नौकर हर्ष वर्मा निवासी मोहल्ला चाहशीरी बी-21 और सलिल त्रिपाठी मूल निवासी हरदोई को पुलिस गिरफ्तार करते हुए जेल भेज चुकी है। सलिल त्रिपाठी बिजनौर से अमरोहा तक गांजा की तस्करी करता था।

## विधायक के प्रयास से साहनपुर की विधुत समस्या होंगी ठीक

✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷। हर वर्ष मालन नदी में तेज बहाव के कारण साहनपुर फीडर से जुड़ी विद्युत आपूर्ति विद्युत खंबो के बह जाने से बंद हो जाती थी। यह आपूर्ति सुचारू करने में विभाग को तीन से चार दिन लग जाते थे। नजीबाबाद के हर दिल अज़ीज़ विधायक हाजी तसलीम अहमद द्वारा इस प्रमुख समस्या को हमेशा के लिए दूर करने के उद्देश्य से विद्युत विभाग के प्रबंध निदेशक से कहा गया एवं इसका प्रश्ताव एवं स्टीमेट बनवाकर भी भेजा गया। पिछले दिनों जिला विद्युत समिति की बैठक में भी नजीबाबाद विधायक तसलीम अहमद द्वारा इस समस्या सहित अन्य समस्याओं के निदान के लिए प्रश्ताव दिया गया। इस प्रश्ताव पर शासन द्वारा इस कार्य को कराने हेतु 45 लाख रुपए की स्वीकृति मिल गई है। अब मालन नदी में विद्युत विभाग द्वारा बड़े स्थायी विद्युत पोल बनाने का कार्य टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जल्द ही शुरू हो जाएगा। जिससे साहनपुर फीडर से जुड़े कस्बा साहनपुर, अलीपुरा, नजीबाबाद के मोहल्ला संतोमालन, रमपुरा, हर्षवाड़ा, वाहिदनगर, विजयनगर, जयनगर, बाँसफोड़न, गड़रियान आदि की विद्युत आपूर्ति मालन के तेज बहाव के बाद भी बंद नहीं होगी। इससे पहले नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद के प्रश्ताव पर ही अकबरपुर चौंगावा फीडर की विद्युत क्षमता 5 KVA से बढ़ाकर 10 KVA कर दी गई है। जिससे नगर के अनेक मोहल्लों की ओवरलोडिंग की समस्या से निजात मिली है।

## युवती छत से कूदी, मौत

✷ एनसीआर टुडे. नोएडा ✷। थाना फेस-2 क्षेत्र के नया गांव में रहने वाली 25 वर्षीय एक युवती बीती रात अपने घर की छत से नीचे कूद गई। अत्यंत गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने शुक्रवार को बताया कि नया गांव में रहने वाली कुमारी ममता (25 वर्ष) ने बीती रात को अज्ञात कारण से अपने घर की छत से नीचे छलांग लगा दी। उन्होंने बताया कि नीचे गिरी ममता गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर आज सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## बाइकरों ने राहगीर से मोबाइल छीना

✷ एनसीआर टुडे. नोएडा ✷। छपरौली गांव के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने घर लौट रहे व्यक्ति का मोबाइल फोन छीन लिया। बदमाशों ने पीड़ित को धक्का देकर नीचे गिराने का भी प्रयास किया। एक्सप्रेसवे थाने में दी शिकायत में छपरौली गांव के गली नंबर एक में रहने वाले विनय कुमार ने बताया कि वह बीते दिनों रात दस बजे के करीब लोटस जिंग सोसाइटी के सामने से पैदल ही अपने कमरे की तरफ जा रहे थे।

विश्व जैव विविधता दिवसः

मिल रहा ईको टूरिज्म को बढ़ावा

# चंबल में बढ़े, दुनिया में संकट में पड़े जीव-जंतु...

**आगरा, एजेंसी।** वर्ष 2015 में चंबल सफारी जरार में आयोजित हुए बर्ड फेस्टिवल में बर्ड फेयर के जनक टिम अपलेटन जैसे विशेषज्ञ चंबल की प्राकृतिक खूबसूरती के मुरीद हो गए। दुनिया की दुर्लभ चिड़ियां देखकर अचरज में पड़े जिम अपलेटन ने संकटग्रस्त इंडियन स्कीमर के संरक्षण के लिए चंबल नदी को मुफीद बताया। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी की परवीन शेख को मिले प्रोजेक्ट और वन विभाग के प्रयास से इंडियन स्कीमर की आबादी चंबल नदी में सालभर में 740 से बढ़कर 843 हो गई है।

बाह के रेंजर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि दुनिया की 80 फीसदी से ज्यादा आबादी चंबल नदी में है। चंबल के टापू पर 120 नेस्ट में इंडियन स्कीमर ने करीब 500 से ज्यादा अंडे दिए हैं, जिनसे अब तक 134 चूजे निकले हैं। प्रिटिनकॉल, थिकनी, ब्लैक बेलीड टर्न, रिवर टर्न जैसी चिड़ियां भी प्रजनन कर रहीं हैं। चंबल का पानी ऐसा है कि 5 अक्तूबर 2009 में डॉल्फिन को राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित कर यहां संरक्षण किया जा रहा है। सालभर में इनकी आबादी 96 से बढ़ कर 111 हो गई है। दुर्लभ जलीय



जीव, चिड़ियों और वन्य जीवों की बजह से ईको टूरिज्म को बढ़ावा मिल रहा है। नंदगवां में इंटर प्रिटेशन सेंटर बना कर ऊंट सफारी, टेंट सिटी जैसे संसाधन विकसित किए जा रहे हैं।

### 44 साल में 250 से बढ़कर 2500 हुए घड़ियाल

दुनिया में दुर्लभ हुए घड़ियालों के संरक्षण के लिए 1979 में चंबल नदी को चुना गया। 1981 में जब संरक्षण का काम शुरू हुआ, तब घड़ियालों की संख्या 250 थी। 44 सालों में घड़ियालों की संख्या 2,456 हो गया है। रेंजर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि पहले बाह से घड़ियालों के अंडे लखनऊ प्रजनन केंद्र ले जाए जाते थे।

### दिखा था भेड़िया, वन्य जीव भी बढ़ा रहे कुनबा

पिछले दिनों नंदगवां के चंबल के बीहड़ में भेड़िया का दिखना सुखद आश्चर्य रहा। इतना ही नहीं 40 साल बाद चंबल में लौटे तेंदुए 5 साल में 34 से बढ़कर 52 हो गए हैं। रेंजर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि राजस्थान से सटे बीहड़ में काले और चितकबरे हिरनों का कुनबा 850 से बढ़कर 900 के करीब हो गया है।

# स्कूली बस की टक्कर से बालक की मौत

## ग्रामीणों ने बस में लगाई आग, पुलिस बोली होगी कार्रवाई

**आजमगढ़** सरायमीर थाना क्षेत्र के नंदाव बाजार में बृहस्पतिवार की सुबह साइकिल से बाजार जा रहे बालक को स्कूली बस ने टक्कर मार दी।



इससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए और स्कूली बस में आग लगा दी।

सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं, मौके पर एसपी ग्रामीण भी पहुंचे और परिवार को जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बस को कब्जे में लेकर थाने पर चली गई। जानकारी मुताबिक नंदाव निवासी राज यादव (11) पुत्र शोभई साइकिल से बाजार जा रहा था। वह जैसे ही नंदाव मोड़ के पास पहुंचा ही था तभी तेज रफ्तार स्कूली बस अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में राज की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने बस में आग लगा दी। साथ ही मार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सरायमीर थाना समेत अन्य थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने में जुट गई। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही एसपी ग्रामीण चिराग जैन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूली बस जो चला रहा था वह नाबालिग था। उसके पास न तो डीएल थे और न ही बस के सभी कागजात। यह भी आरोप लगाया कि जिस बस से हादसा हुआ है वह भी फिटनेस फेल था। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने राज के परिजनों और ग्रामीणों को समझाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही जली हुई बस को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया। करीब एक घंटा बाद जाम समाप्त हो सका। सरायमीर थाना क्षेत्र के नंदाव से सूचना मिली थी। एक स्कूल की स्कूली बस बच्चों को लेकर जा रही थी। रास्ते में राज साइकिल से बाजार जा रहा था। तभी स्कूली बस ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी। इस हादसे में बालक की मौके पर ही मौत हो गई।

## भदोही एनकाउंटरः जिला बदर बदमाश से पुलिस की मुठभेड़, हिस्ट्रीशीटर अरूण सोनकर घायल, अवैध तमंचा बरामद

**भदोही , एजेंसी।** औराई कोतवाली के उगापुर के पास देर रात हुए पुलिस मुठभेड़ में जिला बदर व थाने का हिस्ट्रीशीटर अरुण कुमार सोनकर उर्फ जहरीले सोनकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की ओर से हुए जवाबी फायरिंग में हिस्ट्रीशीटर के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।
बताया जा रहा है कि बुधवार की देर रात पुलिस की टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच उगापुर स्थित इंद्रमणि तिवारी के लॉन के पास एक युवक की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर पड़ी। पुलिस द्वारा रोके जाने पर आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस (315 बोर) बरामद किया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी अरुण सोनकर, जो कि औराई थाना क्षेत्र के कंसापुर हुसैनी का निवासी है, वर्तमान में जिला बदर था और चोरी-छिपे जिले में रह रहा था। उसके खिलाफ विभिन्न आपराधिक मामलों में करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के उच्चाधिकारी और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि पुलिस की ओर से हुए जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। उसके खिलाफ आगे की विधिक प्रक्रिया जारी है।

## झारखंड में मुठभेड़ में घायल होकर भागा नक्सली पुलिस की निगरानी में, छिपकर पहुंचा था अस्पताल

**वाराणसी , एजेंसी।** झारखंड में पुलिस मुठभेड़ में घायल एक नक्सली छिपकर नरिया के साईं मेडिसिटी हॉस्पिटल में उपचार करवा रहा था। नक्सली की निगरानी के लिए लंका थाने की पुलिस लगाई है। झारखंड की पुलिस भी हॉस्पिटल पहुंच गई है। वहीं, गोली लगने से घायल नक्सली के उपचार के संबंध में लंका थाने की पुलिस को सूचना न देने के आरोप में साईं मेडिसिटी हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएमओ को पुलिस की ओर से पत्र भेजा गया है।

डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल ने बुधवार को बताया कि 17 मई को झारखंड के पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के बंसकटिया जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ में टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर मिथिलेश कुमार यादव उर्फ अखिलेश उर्फ बुट्टन उर्फ गौतमजी यादव गोली लगने से घायल हो गया था। मिथिलेश झारखंड के बरडीहा थाने के सलगा का रहने वाला है। घायल मिथिलेश भतीजे आकाश यादव की मदद से कार से मंगलवार को साईं मेडिसिटी हॉस्पिटल आकर भर्ती हुआ। सूचना पाकर लंका थानाध्यक्ष शिवाकांत मिश्र हॉस्पिटल गए। साईं मेडिसिटी हॉस्पिटल के डॉ. विवेकानंद राय से संपर्क करने पर पता लगा कि मिथिलेश को लगी गोली पेट के रास्ते होते हुए पीठ की तरफ निकल गई थी। पेट में काफी मात्रा में रक्त जमा था। उसका ऑपरेशन डॉक्टरों ने किया। फिलहाल आईसीयू में भर्ती है। डीसीपी काशी जोन ने कहा कि डॉ. विवेकानंद राय ने नक्सली को गोली लगने के बावजूद लंका थाने की पुलिस को सूचना नहीं दी। यह लापरवाही है। इस संबंध में साईं मेडिसिटी हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र भेजा गया है।

### नाम बदल कर करा रहा था इलाज

झारखंड पुलिस के अनुसार, नक्सली का सही नाम अखिलेश यादव उर्फ गौतम यादव है। मगर, वह बनारस के निजी अस्पताल में नाम बदलकर भर्ती हुआ था। इसकी सूचना मिली तो पलामू की पुलिस की टीम बनारस आई। नक्सली का पुलिस अभिरक्षा में इलाज कराया जा रहा है। इलाज में सुधार होने पर उसको पलामू लाया जाएगा।

## आतंकी घुसपैठ की आशंका, नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ी

**गौरीफंटा (लखीमपुर)** , एजेंसी। नेपाल बॉर्डर से बांग्लादेशी व पाकिस्तानी आतंकियों की घुसपैठ की आशंका को लेकर गौरीफंटा बॉर्डर पर एसएसबी ने चौकसी बढ़ा दी है। खुफिया एजेंसियों के अनुसार, करीब 35 आतंकियों के घुसपैठ की सूचना मिली है। बॉर्डर की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। नेपाल के नेपालगंज व यूपी के बहराइच बॉर्डर से पाकिस्तानी व बंगलादेशी आतंकियों के घुसपैठ की सूचना पर जिले में भी हाई अलर्ट किया गया है। गौरीफंटा एसएसबी के सहायक कमांडेंट मनफूल खान ने बताया कि इस सूचना को लेकर स्थानीय बॉर्डर पर भी कड़ी चौकसी व सतर्कता बरती जा रही है। नेपाल से आने वाले प्रत्येक नागरिक का पहचानपत्र देखने के साथ ही उनके सामान की भी जांच के बाद ही उन्हें जाने दिया जा रहा है। बॉर्डर पर तैनात इंस्पेक्टर नरेश कुमार व एसआई राजवीर सिंह नेगी सहित महिला और पुरुष जवान, डॉग स्क्वाड सुबह पांच बजे गेट खुलने के बाद से रात आठ बजे तक चेकिंग कर रहे हैं। इसके अलावा मोहाना नदी घाट समेत खुली सीमा पर भी एसएसबी ने पेट्रोलिंग तेज कर दी है।

# सुबह आंधी-बारिश के बाद दोपहर में हुई उमस भरी गर्मी

**लखीमपुर खीरी , एजेंसी।** सुबह से ही ठंडी हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चली, कुछ इलाकों में बारिश भी हुई। लेकिन, दिन चढ़ने के साथ ही सूरज ने फिर से अपने तेवर दिखाए और तेज धूप में लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। इसके साथ ही उमस भरी गर्मी ने भी सताया। वहीं शाम को मौसम ने फिर करवट बदली तो सीमा से सटे इलाकों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

बुधवार को अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री, जबकि न्यूनतम पारा 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सुबह से ही आसमान में बादल छा गए। कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश व आंधी आने के बाद मौसम खुशनुमा हो गया। ठंडी हवाओं की वजह से लोगों ने राहत की उम्मीद की। हालांकि जैसे ही दिन चढ़ा तो चिलचिलाती धूप व उमस भरी गर्मी ने लोगों को सताना शुरू कर दिया। वहीं शाम को मौसम ने फिर पलटी मारी तो संपूर्णानगर क्षेत्र में ओलावृष्टि



के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले छह दिनों तक गरज के साथ बौछारें, बारिश व बिजली चमकने के साथ करीब 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। आंधी-तूफान को लेकर यलो अलर्ट भी है।

## आरआरटी टीम ने चार दिनों में पोल्ट्री फार्मों से लिए 187 नमूने

**पीलीभीत , एजेंसी।** रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) ने जिले में अलग-अलग स्थानों पर संचालित पोल्ट्री फार्म व बैकयार्ड से 187 नमूने लेकर जांच को भेजे हैं। साथ ही टीम क्षेत्र में भ्रमण कर पोल्ट्री फार्म संचालकों को बर्ड फ्लू से बचाव आदि के सुझाव दे रही है। गोरखपुर चिड़ियाघर में बाघिन में बर्ड फ्लू के लक्षण मिलने के बाद पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी कर दिया गया। इसके चलते यहां पर भी ब्लॉक स्तर पर टीमों का गठन किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के निर्देशन में जिले में 16 आरआरटी टीमों का गठन किया। इसमें पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन अधिकारी के साथ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को शामिल किया गया। इन टीमों को पोल्ट्री फार्म व बैकयार्ड में जाने के निर्देश दिए। इसमें संवेदनशील स्थानों पर नमूने लेने के निर्देश दिए।

बदायूं में आग का तांडव, 100 से अधिक घर जले,

# उझानी में मेंथा ऑयल फैक्टरी में धमाके, इलाके में फैली दहशत

**बदायूं , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में जरीफनगर और उझानी इलाके में बुधवार रात को आग ने ऐसा तांडव मचाया कि कई गांवों में हाहाकार मच गया। गांव सोनभूडी में रात करीब आठ बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। यह घटना उस वक्त हुई जब आंधी चल रही थी। इससे आगे ने कुछ ही पलों में विकराल रूप ले लिया। गांव में 100 से अधिक झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। जरीफनगर थानाक्षेत्र के गांव सोनीभूड़ में रात 9 बजे अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आकर करीब 100 मकान में आग लगा गई। हादसे में मकान व उसमें रखा घरेलू सामान जल गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। देर रात तक आग को बुझाने का काम जारी रहा। ग्रमीणों के अनुसार गांव में कई दिनों से घूर इकट्ठा था। चार दिनों से आग सुलग रही थी। किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। बुधवार देर रात आई आंधी की वजह से आग भूसा और कंडे के ढेर में आग लग गई। धीरे-धीरे आग पूरे गांव के 100 घरों में फैल गई। बॉबी पुत्र राम भरोसे के घर में बॉबी का बुधवार को मढ़ा था। इस दौरान की आग इनके घर में भी पहुंच गई। सारा सामान जल गया। ब्रस्पतिवार को इनकी बरात जानी है। अजय पाल की भैंस जल गई। महेंद्र के घर पर रखा मैंथा का तेल 20 लीटर जल गया। वहीं, गांव के आग लगने के दौरान पूरे गांव के बच्चे सहित सभी लोगों व जानवरों को बाहर निकाला गया। इस दौरान बीरपाल के पैर में चोट लग गई। इसके अलावा गांव के नाथूलाल का पूरा घर जल गया। खबर लिखे जाने तक आग को बुझाने का काम दमकल की गाड़ी कर रही थी। इधर, इसके अलावा सहसवान थानाक्षेत्र के गांव जामनी में



भी आग लगी। जिसमें 30 से 40 घर जल गए हैं। यहां पर भी किसी की मौत होने की जानकारी नहीं हो सकी है।

**मेंथा फैक्टरी में लगी आग, रात भर हुए ब्लास्ट-** उझानी तहसील क्षेत्र की एक मेंथा फैक्टरी में बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई।आग की लपटें आसमान पर गुब्बार की तरह दिखाई दीं। देर रात तक फैक्टरी के अंदर के बाद एक ब्लास्ट होता रहा। हालांकि खबर लिखे जाते एक भी मौत की पुष्टि नहीं हुई थी। पुलिस ने एतिहातन फैक्टरी के पास के एक गांव को खाली कर दिया। सूचना पर डीएम और एसएसपी सहित कई एंबुलेंस मौके पर पहुंची। उझानी निवासी मनोज गोयल की कूढ़ा नर्सिंगपुर स्थित मेंथा ऑयल की फैक्टरी है। इसमें क्रिस्टल बनाया जाता है। यह फैक्टरी दिनरात चलती है। फैक्टरी 50 बीघा से ज्यादा के क्षेत्र में फैली हुई है। बुधवार रात करीब 10:30 बजे फैक्टरी की प्रयोगशाला में अचानक धमका हुआ। इसके बाद आग का गुब्बार आसपास रहने वाले लोगों को दिखाई दिया। कुछ ही देर में एक के बाद एक तेज धमाके से ब्लास्ट होना शुरू हो गए। यह देख ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर थाना पुलिस पहुंची और कई एंबुलेंस को बुलवाया गया। आग की इतनी भीषण थी कि रात 11 बजे तक कोई भी पुलिसकर्मी आग तक जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया।

